## प्रदेश में आज से अगले तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में आज से अगले तीन दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश जगहों पर बारिश की संभावना है। साथ ही दक्षिण भागों में भारी के आसार हैं। कई जगहों पर गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। प्रदेश के कई जिले ऐसे हैं, जहां गरज चमक के साथ तेज हवा और भारी बारिश की संभावना है। इन जगहों में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, एक चक्रवती परिसंचरण दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के पास मध्य पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर औसत समुद्र तल से 5.8 और 7.6 किलोमीटर के मध्य स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज से अगले तीन दिनों तक अधिकांश जगहों पर मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं दक्षिण भागों में भारी बारिश की संभावना है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान डोंगरगढ़ में 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया है। रायपुर में 34.2, माना एयरपोर्ट में 33, बिलासपुर में 33.4, पेंड्रा रोड में 30.8, अंबिकापुर में 31.5, जगदलपुर में 29.3, दुर्ग में 32.6 और राजनांदगांव में 32.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

## गंजपारा से नगर निगम ने हटाया वर्षों पुराना कब्जा



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गंजपारा नाका चौक सत्तीचौरा गंजपारा के पास निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद भवन अधिकारी गिरीश दीवान के मार्गदर्शन में नगर निगम ने करीब 30 से 40 वर्ष पुराने एवं जर्जर हो चुके अवैध कब्जा को धराशायी किया।कार्रवाही के मौके पर नायाब तहसीलदार ढाल सिंग बिसेन, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित दुर्ग थाना पुलिस व अतिक्रमण टीम की मौजूदगी में कार्रवाही को अंजाम दिया गया है।आपको बता दे कि श्यामलाल पांडे नामक व्यक्ति द्वारा नगर निगम की लाखों रुपए की जमीन पर कब्जा कर रखा गया था, उनके वारिसान की याचिका व्यवहार न्यायालय ने खारिज कर दी।जिसके बाद निगम अमले ने अवैध कब्जा हटाया।कोर्ट में नगर निगम की ओर से भवन अधिकारी गिरीश दिवान ने नगर निगम का पक्ष मजबूती से रखा तथा इस मामले की पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह ने नगर निगम दुर्ग के पक्ष में फैसला दिलवाया।मालूम हो कि उक्त जगह को नगर पालिका परिषद द्वारा चुंगी कर के लिए श्यामलाल पांडे के जीवन काल में किराए पर दिया गया था। निगम ने एमआईसी में किराएदारी समाप्त कर दिया था। जिससे श्यामलाल पांडे के वारिसान नगर निगम के खिलाफ कोर्ट गए थे। श्यामलाल पांडे के वारिसान की याचिका व्यवहार न्यायालय दुर्ग ने खारिज कर दी है। जिसके बाद निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई।

## नेशनल लोक अदालत की सुनवाई 13 को

### निराकरण हेतु रखे गये कुल 8000 से अधिक मामलें

**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाए) दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड, व तहसील व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 पाट व धमधा में आयोजित की जाएगी। उक्त तिथि को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिसके तहत आपसी राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलें, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरण, स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवा से संबंधित लगभग कुल 8078 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था/विद्युत/दूरसंचार के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व के प्रकरण सहित लगभग 11088 मामलें सुनवाई हेतु रखे गये है। वहीं संबंधित चिन्हांकित व रखे गये मामलों के नेशनल लोक अदालत की तिथि में अधिकाधिक संख्या में निराकरण किये जाने न्यायालय के पीठासीन अधिकारीगण द्वारा नियमित रूप से पक्षकारों के मध्य प्री-सीटिंग/बैठक का आयोजन अधिक संख्या में किये जा रहे है। जिससे 13 जुलाई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में प्रकरण निराकृत होने की संभावना है।

13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में चिन्हांकित कर रखे गये मामलों की सुनवाई हेतु जिला न्यायालय दुर्ग परिवार न्यायालय दुर्ग व्यवहार न्यायालय तहसील मिलाई-3, पाटन, धमधा एवं किशोर न्याय बोर्ड, जनोपयोगी सेवा से संबंधित स्थायी लोक अदालत (जनो.से.) तथा श्रम न्यायालय के लगभग कुल 38 खण्डपीठ का गठन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग के निर्देशानुसार गठित की जावेगी है। संबंधित गठित खण्डपीठ में नेशनल लोक अदालत की तिथि में प्रकरणों की सुनवाई/निराकरण पक्षकारों के मध्य सौहाद्रपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर किये जायेंगे। नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के आधार पर अपने मामलों के निराकरण हेतु पक्षकार अधिक से अधिक संख्या में संबंधित गठित खण्डपीठ / न्यायालय में उपस्थित रहें और लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का निराकरण कर समय एवं अन्य कठिनाइयों से बचे क्योंकि नेशनल लोक अदालत में प्रकरण के सौहाद्रपूर्ण वातावरण में पक्षकारों के मध्य विवाद का निपटारा आपसी सहमति / राजीनामा से होने के कारण उक्त निराकृत मामलों की अपील नहीं होती है।

## पेट दर्द का बहाना कर हॉस्टल से फरार हुई छात्रा

### परिजनों की शिकायत के बाद तलाश में जुटी पुलिस




**जगदलपुर।** जगदलपुर शहर के एक निजी स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा शनिवार की शाम को हॉस्टल आये कुछ युवकों को अपना रिश्तेदार बताते हुए उन्हें पेट दर्द का बहाना बनाने के साथ ही उनके साथ चली गई। इस बात की जानकारी जब परिजनों को लगी तो वे मामले की जांच करने के लिए हॉस्टल पहुँचे, जहाँ बेटी के गायब होने की बात की पुष्टि होने के बाद मामले की रिपोर्ट बोधघाट थाना में दर्ज कराई गई है। जहाँ मामले की जांच शुरू कर दिया गया है।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि शनिवार की शाम को सूचना मिली कि जिस स्कूल में बेटी पढ़ती है, उसी स्कूल के हॉस्टल में रहती भी है, शनिवार की शाम को कुछ युवक हॉस्टल पहुँचे, जहाँ उसे स्कूली छात्रा का रिश्तेदार बताते हुए छात्रा के पेट मे दर्द होने व घर ले जाने की बात कही गई। जहाँ वार्डन ने भी बिना परिजनों को सूचना दिए, स्कूली छात्रा को उन लड़कों के साथ जाने दिया। मामले की जानकरी लगने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया, हॉस्टल में जांच करने पहुँची पुलिस को देख हड़कंप मच गया, जहाँ स्कूली छात्रा के बारे में पूछताछ शुरू कर दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर का कहना है कि मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए जांच शुरू कर दिया है, वही इस मामले से जुड़े हर लोगों से पूछताछ कर रही है, वही सीसीटीवी कैमरा लगा है हॉस्टल में तो उसकी भी जांच की जा रही है, जिससे कि लड़कों की पहचान हो सके, फिलहाल पुलिस युवकों की खोजबीन कर रही है।

## सावन के पहले सोमवार को भोरमदेव मंदिर के लिए 16 किमी लंबी पदयात्रा

### 10 हजार लोग होंगे शामिल



**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम स्थित प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर तक हर साल सावन महीने के प्रथम सोमवार को पदयात्रा का आयोजन किया जाता है। यह पदयात्रा पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। पदयात्रा में कई बड़े नेता व अधिकारी शामिल होते हैं। कवर्धा से करीब 16 किमी लंबी इस पदयात्रा में 10 हजार से अधिक लोग शामिल होते हैं। इस साल पदयात्रा सावन के पहले सोमवार पर 22 जुलाई को निकाली जाएगी।

भोरमदेव पदयात्रा सुबह सात बजे कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगी। इस आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने भोरमदेव मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक लेकर यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पदयात्रा की व्यवस्थाओं के लिए उन्हें दायित्व सौंपे है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यवस्था और सुरक्षा के बेहतर इंतजाम रहें। सभी अधिकारी को जिम्मेदारी पूर्वक सौंपे गए दायित्व को समय सीमा में पूरा करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक के बाद भोरमदेव मंदिर परिसर समेत पदयात्रियों के रुकने के लिए भवन, मेला स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कांवरियों के विश्राम के लिए रास्ते में पड़ने वाले पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, प्रतीक्षालय आदि सार्वजनिक स्थानों को आरक्षित रखते हुए वहां के शौचालय, बिजली, पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भोरमदेव मंदिर के पास स्थित कांवरिया भवन समेत अन्य सार्वजनिक भवनों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## तीन अंतरराज्यीय चोरों को पुलिस ने ओडिशा से किया गिरफ्तार, चोरों की सारी करतूत कैमरे में कैद



**कोरबा।** विभिन्न क्षेत्रों से दुपहिया गाड़ियों की चोरी करने के बाद उन्हें दूसरे प्रदेश में बेच देने की घटनाएं हो रही हैं। कोरबा जिला की पुलिस ने ऐसे ही एक मामले को उजागर किया है। इसमें एक खरीदार सहित तीन चोरों को गिरफ्तार किया है । पता चला है कि कोरबा से चोरी की जाने वाली दुपहिया को उड़ीसा के सीमावर्ती क्षेत्र में बड़ी आसानी से खपा दिया जाता था।

कोरबा में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में भूपेंद्र शर्मा और गजेंद्र नमक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो चोर सिंडिकेट के लिए काम कर रहे हैं। पता चला कि पिछले दिनों कोरबा रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र से एक व्यक्ति की बाइक की चोरी हो गई थी। उसकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया और आगे जांच पड़ताल की गई। इस दौरान कई चीजे सामने आई इसके बाद पुलिस की टीम ने सीमावर्ती और उड़ीसा के बरगढ़ क्षेत्र में पहुंचकर कार्रवाई की। वहां से कुल 5 बाइक बरामद की गई है। ये सभी चोरी कर यहां तक लाई गई है मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि दूसरे क्षेत्र से चोरी करने के बाद इन गाड़ियों की नंबर प्लेट उड़ीसा में बदल दी जाती थी ताकि आगे का काम आसान हो सके। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपी खरसिया उड़ीसा क्षेत्र के रहने वाले हैं और इससे पहले भी चोरी की कई घटना को अंजाम दे चुके हैं जो चोरी करने के बाद वहां का नंबर प्लेट बदलकर दूसरे को भेज देते हैं कुछ दिनों पहले रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी एक एक्टिवा वाहन को चोरी किया जिसमें चोर की शादी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पकड़े गए सभी आरोपी के खिलाफ और भी कई मामले दर्ज हैं जिस पर पुलिस अन्य जिलों की पुलिस से बात कर आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है पकड़े गए आरोपियों के पास से पांच मोटरसाइकिल जप्त किए गए हैं। इससे पहले भी चोरों के कई गिरोह के बारे में जानकारी मिली है और अलग-अलग थाना की पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई है। इस प्रकार की कार्रवाई से संदेश दिया गया है कि चोर उचक्कों को बहुत अधिक समय तक राहत नहीं मिल सकती।

## बछड़े को बचाने के लिए गड्ढे में उतरे प्रेम की डूबने से मौत

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहां पानी से भरे गड्ढे में डूब रहे बछड़े को निकालने में एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। घरवाले इस मौत की वजह मकान बनाने वाले की लापरवाही को मान रहे हैं। दरअसल घटना बीते शाम की है जब तपकरा थाना इलाके के केरसई गांव का बालक प्रेम कुमार गुप्ता घर के बछड़े को ढूंढने निकला था। मृतक के पिता प्रदीप गुप्ता ने बताया कि मृतक प्रेम केरसई शासकीय हाईस्कूल में कक्षा दसवीं में पढ़ रहा था। स्कूल से घर लौटा था लगभग पांच बजे वह बछड़े को घर लाने निकला और कन्हैयालाल के घर के पीछे गड्ढे में गिरे बछड़े को डूबने से बचाने के लिए पानी में उतरा लेकिन वह तैरना नहीं जानने के कारण डूब गया। थोड़ी देर में माँ सुकांति गुप्ता जब उधर बछड़े के रम्भाने की आवाज सुनकर गड्ढे के पास पहुंची तो बेटे का चप्पल देखकर गड्ढे में कूद गई। जिसे देखकर कुछ लोग दौड़े सभी ने मिलकर बच्चे और बछड़े को बाहर निकाल लिया लेकिन पानी के अंदर ज्यादा देर तक डूबे रहने से बच्चा बेसुध हो गया था। उसे अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।



घटना का चश्मदीद और बच्चे को बाहर निकालने में मदद करने वाले सुकेश्वर कुंजाल ने अमर उजाला को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गड्ढे में 8 फीट पानी था और प्रेम गुप्ता तैरने नहीं जानता था जिसके कारण बछड़े को बचाने के चक्कर में वह डूब गया। बछड़े को बचा लिया गया लेकिन प्रेम को नहीं बचा सके। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है।

## दुकान का ताला तोड़कर चोर ने लाखों का माल किया पार, सीसीटीवी में कैद हुई



**सुकमा।** सुकमा जिले के नगर पंचायत कोण्टा में बीती रात दुकान का ताला तोड़कर एक अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और मोबाइल डीएसएलआर समेत लाखों रुपये के सामान की चोरी की हालांकि चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अगले दिन जब दुकान के मालिक को चोरी की खबर लगी तो सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोण्टा थाने पहुंचे मामले पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि कोटा में चोरी की घटना कोई नई बात नहीं है पिछले दो महीने में कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है जहां उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली शबरी नदी में पुल बनने के बाद इन घटनाओं में इजाफा नजर आया है लगातार बढ़ते चोरी की वारदात को देखते हुए पुलिस ने नाइट पेट्रोलिंग बढ़ा दी है वही बाहर से आने वाले अनजान लोगों पर भी अब नजर बनाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया की जितनी भी चोरी की वारदातें हुई हैं उनमें ज्यादातर में बाहर से आ रहे लोगों पर शक जताया जा रहा है। शाम होते ही उड़ीसा पार से प्रोफेशनल चोर दुकानों की रेकी करते हैं और सूनसान माहौल होने के बाद घटना को अंजाम देते हैं। इससे पहले भी चोरी की एक घटना में शामिल आरोपी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया था वह भी उड़ीसा का बताया जा रहा है।

## मोहर्रम 8 जुलाई से, इमामबाड़ों में होंगी मजलिसें

**रायपुर।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोमिनपारा सहित शहर के अन्य इमामबाड़ों में 8 जुलाई से मजलिसों का आयोजन किया जायेगा। दस दिनों तक करबला की दर्दनाक घटना पर तकरीर होगी। हैदरी मस्जिद ट्रस्ट , शीआ असना अशरी मोमिन जमाअत के मुतवल्ली हैदर अली ने बताया है कि मोहर्रम माह 8 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। दस दिनों तक हज़रत इमाम हुसैन और उनके बहत्तर साथियों की याद में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रतिवर्षानुसार मातमी जुलूस और मजलिसों का आयोजन होगा। 9, 12 और 14 जुलाई को मोमिनपारा में रात्रि में मातमी जुलूस निकाला जायेगा। यौमे आशूरा का मुख्य मातमी जुलूस 17 जुलाई को दोपहर बाद मोमिनपारा से निकाला जायेगा। यह जुलूस करबला तालाब में समाप्त होगा. इस मातमी जुलूस में अलम और कलात्मक ताज़िये सम्मिलित होंगे।



## विधायक-महापौर ने किया 55 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विधायक गजेंद्र यादव और महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा सभापति राजेश यादव,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,पार्षद देवनारायण चन्द्राकर,पार्षद खिलावन मटियारा एवं वार्ड नागरिको के संग शनिवार को जयंती नगर वार्ड क्र.16 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य धरसा रोड एवं विभिन्न गली भूमि पूजन और वार्ड क्रमांक 16 में मोहन साहू के घर के पास एवं अन्य स्थानों पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य 40 लाख रु.के अलावा कादंबरी नगर वार्ड क्र.17 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य पप्पू फेब्रिकेशन से लास्ट बाउंड्रीवाल 15 लाख रु. तक किया जाना प्रस्तावित है। बता दे कि इन दो वार्डो के लिए 55 लाख की लागत से प्रस्तावित सीमेंटीकरण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लोगों का स्नेह ही हमारी शक्ति है। लोगों के विश्वास के अनुरूप कार्य ही,हम सभी का विकास है।

## सड़क हादसे से युवक की मौत, खड़े वाहन से टकराया स्कूटी सवार

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के नेशनल हाईवे 49 में सड़क किनारे खड़े हाईवा वाहन में टकराने से स्कूटी सवार युवक की मौत हुई है। गांव अफरीद से जांजगीर आने के दौरान हुआ हादसा। यूक्रेन से एमबीबीएस की पढ़ाई कर कोरबा जिले के 100 बेड में इंटर्नशिप कर रहा था। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के अफरीफ और हाथनेवार ह॥ 49 की घटना है। मिली जानकारी अनुसार, मृतक युवक चनद्रभान लाठिया 33 वर्ष जोकि 6 जुलाई की रात्रि गांव अफरीद में अपने रिश्तेदार की यह शादी में गया हुआ था। जिसके बाद वह रात्रि में ही वापस जांजगीर आने को निकाला था। नेशनल हाईवे 49 में पहुंचा था की सड़क किनारे खड़ी हाईवा वाहन की पीछे जा टकराई, जिसमे स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और युवक स्कूटी से 20 मीटर दूर सड़क के बीच जा सामने मुंह के बल जा गिरा, जिसे युवक के चेहरा,सिर, सिने और अन्य जगहों में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। सारागांव पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया है। जहां आज रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने हईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया की सड़क किनारे खड़ी कर कोई भी साइड लाइट नहीं जलाया गया था जिससे यह हादसा हुआ है पुलिस ने वाहन को जब्त किया है। परिजन ने बताया की युवक चंद्रभान लाठिया ने यूक्रेन से अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी और कोरबा जिले के 100 बेड अस्पताल में अपना इंटरशिप कर रहा था। 30 जून को ही इंटरशिप खत्म किया और आज 8 जुलाई को मेडिकल की लायसेंस के लिए उसे रायपुर जाना था।



## सर्वप्रथम अनुष्ठान है जाप, और सर्व शक्तिशाली है नवकार मंत्र जाप

### आगम ज्ञाता पूज्य श्री सुधा बाई महासतीजी आदि ठाणा चार का रायपुर में चातुर्मास है

**रायपुर।** भारतवर्ष में मंत्र की शक्ति के हुए सर्वे में यह प्रमाणित हुआ है कि नवकार मंत्र जाप दिव्य ध्वनि में सर्व शक्तिशाली मंत्र है । इसकी दिव्य ध्वनि तीन लाख चालीस हजार है।इसके साथ ही गायत्री मंत्र को भी शक्तिशाली माना गया है। जैन अजैन सबके लिए यह शक्तिशाली है और कई घटनाओं में प्रमाणित भी हुआ है। उक्त उदगार बाल ब्रह्मचारी आगम ज्ञाता, परम पूज्य सुधा बाई महासती ने वर्धमान स्थानकवासी जैन गुजराती संघ के संरक्षक मंडल अध्यक्ष नेमचंद बटाविया के आवास पर आयोजित व्याख्यान सभा में व्यक्त किये। गोंडल संप्रदाय के सरल स्वभावी पूज्य चेतन मुनि महाराज, मधुर भाषी, सरल स्वभावी, बाल ब्रह्मचारी पूज्य प्रिया दर्शना महासती, आगम ज्ञाता परम पूज्य सुधा बाई महासती, बाल ब्रह्मचारी पूज्य श्रीभव्यांशी बाई महासतीजी का आज रायपुर में चातुर्मास प्रवेश हुआ। चतुर्विद श्री संघ का चातुर्मास वर्धमान स्थानकवासी जैन गुजराती संघ के उपाश्रय देसाई भवन देवेंद्र नगर रायपुर में आयोजित है।



परम पूज्य महासती ने अपने उद्बोधन में कहा की नवकार मंत्र की शक्ति विश्व प्रसिद्ध बरमुंडा ट्रायंगल में भी साबित हुई है जहां कहा जाता है कि कोई भी वस्तु या व्यक्ति वहां गायब हो जाती है, लेकिन एक पायलट ने नवकार मंत्र का जाप कर इसे बड़ी आसानी से पार कर लिया था। चतुर्विद संघ ने चातुर्मास के दौरान 120 घंटे का लगातार नवकार मंत्र जाप, आयंबिल, मौन, उपवास, एकासना का संकल्प दिलाते हुए धर्म ध्यान से आत्म जागृति की प्रेरणा दी। 20 जुलाई से प्रारंभ हो रहे चातुर्मास के लिए श्रावक श्राविकाओं ने अनुमोदना करते हुए संकल्प के प्रति आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर श्री संघ अध्यक्ष दीपक भाई दोशी, सचिव भावेश मेहता, मनीष पारेख, अश्विन बटाविया, अश्विन भाई दोशी, महेश भाई खिलोसिया, पारेख सर, सुरभि संघवी, शर्मिला मेहता, मुकेश ढोलकिया, मेघा मोदी, जस्मिन बटाविया, अमि बटाविया सहित श्री संघ के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर ध्वनि बटाविया ने अपनी मधुर आवाज में सत्पुरुष को रटते रटते जीव पाये आतम ज्ञान रे गीत भी प्रस्तुत किया।

## लिव इन पार्टनर की मौत पर बीएसएफ जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**दुर्ग।** सुपेला में दो सप्ताह पहले महिला की मौत मामले में लिव इन पार्टनर बीएसएफ जवान संतोष सिंह के खिलाफ सुपेला थाने में अपराध दर्ज कर लिया है. महिला के पीएम रिपोर्ट आने के बाद बीएसएफ जवान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. बता दें कि पिंकी सिंह उर्फ ऐपी निगुबा का शव दो सप्ताह पहले घर के बाल्कनी की रेलिंग पर लटकती मिली थी. महिला बीएसएफ जवान के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी. पोस्टमार्टम में महिला के शरीर पर मारपीट के निशान मिले थे, जिसके बाद सुपेला पुलिस ने मामले में धारा 306 के तहत अपराध दर्ज किया है. बीएसएफ जवान संतोष सिंह सेक्टर हेडक्वार्टर भिलाई सेक्टर-6 में पदस्थ है. हाल ही वह लिव इन पार्टनर को अपनी पत्नी बताते हुए प्रियदर्शनी परिसर वाले निवास से लक्ष्मीनगर, सुपेला में किराए पर रहने आया था, जबकि बीएसएफ जवान की पहली पत्नी अपने पांच बच्चों के साथ कोलकाता में रहती है. पिंकी सिंह भी अपने पति से तलाक लेने के बाद संतोष सिंह के साथ रह रही थी.

## दो बाइक आपस में भिड़ी, तीन युवकों की मौत दो गंभीर रूप से घायल, गांव में शोक की लहर



**भानुप्रतापपुर।** तेज रफ्तार ने एक बार फिर तीन युवकों की जान ले ली. कांकरे जिले के ताडोकी इलाके में दो बाइक आपस में टकरा गई. भिड़त में 3 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. वहीं घटना के बाद गांव में शोक की लहर है. सड़क हादसा ताडोकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बोन्दानार गांव के पास हुआ, जहां दो बाइक आपस में टकरा गई, जिसमें 5 युवक घायल हो गए. इनमें 4 घायलों को अंतागढ़ में प्रारंभिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया. घायलों में एक युवक की मौत अंतागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गई. वहीं दूसरे ने कांकेर जिला अस्पताल में दम तोड़ा तो तीसरे युवक को रायपुर रेफर किया गया था, जिसकी धमतरी के पास रास्ते में मौत हो गई. तडोकी थाना प्रभारी तेज वर्मा ने बताया कि एक बाइक में ग्राम वरचे तो दूसरी बाइक में केसेकोड़ी के युवक सवार थे. मृतक तीनों युवक कोइलीबेड़ा क्षेत्र के रहने वाले थे. घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है. वहीं अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने युवकों के निधन पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि मैं अंतागढ़ में ही हूं और लगातार परिजनों के सम्पर्क में हूं. हरसंभव सहयोग कर रहे हूं.

## विधायक किरण देव ने वृहद वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ




**जगदलपुर।** नगरपालिक निगम के वार्ड क्रमांक 38 के शीतला मंदिर परिसर में जिला प्रशासन और वन विभाग के द्वारा शुरू किए जा रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ आज रविवार को विधायक जगदलपुर किरण देव द्वारा किया गया। विधायक किरण देव ने शीतला मंदिर परिसर में एक पौधा लगाकर इस अभियान के तहत पौधों को वन समिति, देवगुड़ी, स्कूल छात्रावास-आश्रम आदि स्थलों पर रोपण किया जाएगा। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, गणमान्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विजय दयाराम, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व पटवारी संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से




**कांकेर।** राजस्व पटवारी संघ 8 जुलाई से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर छग. के प्रदेश संगठन के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगा। राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष जय कश्यप ने बताया विभिन्न लंबित मांगों को सरकार के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे मजबूरन हमें आंदोलन पर जाना पड़ रहा है। हमारी प्रमुख मांगों में ऑनलाइन के लिए लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट आदि की व्यवस्था किए जाने, ऑनलाइन नक्शा, बंटाकन का संशोधन पहले पटवारी का आईडी से किया जाता था, अब इसे लंबा प्रोसेस कर दिया गया है। जिला स्तर के प्रोग्राम की नियुक्ति किया जाए। जिला स्तर पर नहीं होने से बार-बार रायपुर बुलाया जाता है।

## आठ लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू (घर वापस आइये) के तहत छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन एवं नक्सल पुनर्वास नीति के तहत विश्वास, विकास और सुरक्षा की भावना का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं नये कैंप के विस्तार के परिणाम स्वरूप नक्सली संगठन में सक्रिय आठ लाख के इनामी नक्सली चैतू ने सुरक्षा बल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।आत्मसमर्पित नक्सली चैतू ईरपानार और कडियामेटा क्षेत्र में हुई बड़ी घटनाओं में शामिल था। पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली ईरपानार और कडियामेटा क्षेत्र में हुई बड़ी घटनाओं में शामिल था। आत्मसमर्पित नक्सली पामेड एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और दंडकारण्य सब जोनल कमेटी में कम्युनिकेशन टीम सदस्य के रूप में कार्य कर चुका है। नक्सली संगठन में वर्ष 2021 से पूर्वी बस्तर डिवीजन में कार्यरत कंपनी नंबर 6 का पीपीसीएम नक्सली चैतू ने हिंसा की राह छोड़कर आत्म समर्पण किया है।




# दशकों बाद भी न लिया सबक: मिड डे मील में परोसा जा रहा घटिया खाना

### 32 साल पहले इसी गांव में भूख से हुई थी मौतें

**बलरामपुर रामानुजगंज।** बलरामपुर जिले का बीजाकुरा गांव जहां 1992 में भूख से मौत की खबर ने देश के प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को यहां आने के लिए मजबूर कर दिया था। इसके बाद देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर नियम कानून बनने शुरू हुए, लेकिन आज भी इस गांव में बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील में बड़ा घोटाला किया जा रहा है। यहां बच्चों को मिड डे मील के नाम पर चावल में घटिया किस्म की दाल मिलाकर खिचड़ी के रूप में परोसा जा रहा है। पंडो जनजाति के लोग यहां रहते हैं और उनके बच्चे इसके खिलाफ में आवाज नहीं उठा पा रहे हैं।



बलरामपुर जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पर बीजाकुरा गांव स्थित है। यहां स्थित सरकारी स्कूल में सबसे अधिक विशेष पिछड़ी जनजाति यानी पंडो जनजाति के बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन इस स्कूल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन के नाम पर छलावा किया जा रहा है। यहां चावल में कुछ दाल मिलाकर दी जा रही है। चावल में हल्का सा हल्दी का पाउडर डाला गया था, जिससे खिचड़ीनुमा चावल पीले रंग के रंग के दिख रहे थे, लेकिन खाने में बिल्कुल बेस्वाद। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसर निगरानी के लिए नहीं आते हैं। यही वजह है कि मनमाने तरीके से बच्चों को ऐसा घटिया भोजन मिड डे मील के नाम पर परोसा जा रहा है। दूसरी तरफ महिला समूह के सदस्यों का कहना है कि सरकार से इतना कम पैसा मिलता है कि वे मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम चलाने में समर्थ नहीं हैं। ऐसे हाल में शिक्षक महिला समूह की लापरवाही बता रहें हैं।

बीजाकुरा गांव की प्राथमिक पाठशाला में पढ़ने वाले इन बच्चों को अब तक स्कूली ड्रेस तक नहीं मिली है। बच्चे यहां फटे-पुराने कपड़े पहनकर नंगे पैर स्कूल आने के लिए मजबूर हैं। वहीं, दूसरी तरफ बच्चों के पास किताब और कॉपी तक नहीं है। स्कूल की व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण अभिभावक भी अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं तो दूसरी तरफ यहां जागरूकता की भी बड़ी कमी है। ऐसे हाल में देखना होगा कि आखिर पांडो जनजाति के इन बच्चों को सही शिक्षा मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारी क्या कदम उठाते हैं। हालांकि अफसरों का कहना है कि उनके द्वारा यहां की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा और स्कूलों का जायजा लिया जाएगा।

### ग्राम पंचायत हसदा में जल मड़ई कार्यक्रम

# पानी का बचाव हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : कलेक्टर

**दुर्ग।** जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए जिले में 5 से 13 जुलाई तक जल मड़ई सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धमधा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हसदा के शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जल मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जल मड़ई के अंतर्गत पौधरोपण के साथ ही जल संरक्षण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जल है तो कल है, क्योंकि पानी के बिना पृथ्वी पर किसी का भी जीवित रहना असंभव है। पानी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि इसके बिना कई गतिविधियाँ पूरी नहीं की जा सकतीं। फिर भी व्यक्ति इसे बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है। जल हम बना नही सकते, लेकिन बचा तो सकते हैं। जल और वृक्ष जीवन का अमूल्य आधार है।

जल मड़ई कार्यक्रम में महिलाएं एवं स्कूल के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

जल प्रहरी नीरज वानखेड़े द्वारा जल सरंक्षण की दिशा में जल को सहेजने हेतु सोकपीट रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि को मॉडल का उपयोग कर एवं खेल के जरिए बताया कि जल संरक्षण का भविष्य सिर्फ़ हमारे हाथों में ही है। वीडियो के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि जल मड़ई का उद्देश्य पानी की बर्बादी को कम करना और उसके कुशल उपयोग को बढ़ावा देना है। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है, ऐसे में हमें पानी का जरूरत अनुसार उपयोग करना चाहिए। पानी का पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग से हम पानी की बचत कर सकते है। घरेलू उपयोग के बाद बचे हुए पानी को बागवानी या अन्य कार्यों में पुनः उपयोग किया जा सकता है। सामुदायिक स्तर का अभियान है, लोगों को जागरूक होना होगा और जल संरक्षण के महत्व को समझना होगा। हमें यह समझना होगा कि पानी का बचाव हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बारिश के पानी को जमा करने का एक तरीका होता है, यह किसी भी सतह पर गिरने वाला बारिश का पानी हो सकता है। इस पानी को बाद में फिल्टर किया जाता है और फिर इस्तेमाल करने के लिए जमा कर दिया जाता है। इस तरह पानी की हार्वेस्टिंग करने से पानी का लेवल दोबारा पहले जैसा नॉर्मल हो जाता है, जिससे यह पानी बर्बाद होने से बच जाता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शासकीय प्राथ./पूर्व माध्यमिक शाला हसदा के प्रांगण में पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए आम का पौधा लगाया एवं बच्चों को इसकी देखभाल करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, जनपद सदस्य जितेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## एक वृक्ष मां के नाम थीम पर भारत स्काउट्स-गाइड्स ने किया पौधरोपण



**कोरिया।** भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोरिया एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप 'एक वृक्ष मां के नाम' थीम के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मुख्य अतिथि थे और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि थे। जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, मुरमा के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर कोरिया ने उपस्थित स्काउट गाइड एवं जनसमुदाय को पौधरोपण एवं उसकी देखभाल की शपथ दिलाई और अपने उद्बोधन में सभी व्यक्तियों से पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. चतुर्वेदी ने ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से निपटने में पेड़ों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए पौधरोपण के महत्व को समझाया। इसी कड़ी में शा. पूर्व माध्य. शाला बेसरझरिया के प्रांगण में अतिथियों, जिला संघ के पदाधिकारियों एवं स्काउट गाइड के पदाधिकारियों द्वारा 30 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद, लगभग 300 स्काउट गाइड, 25 स्काउटर गाइडर एवं वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर फॉरेस्ट बीट मुरमा में लगभग 5,000 मिश्रित पौधों का रोपण किया गया।

## देवभोग में स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर महाप्रभू को भेंट किया जाता है लगान

**गरियाबंद।** देवभोग के एतिहासिक जगन्नाथ मंदिर की स्थापना से लेकर उसके संचालन के भी कई ऐसे रोचक किस्से अतीत के पन्नों में कैद हैं, जिन्हें लोग देखते जरूर हैं लेकिन इसके इतिहास से अनजान हैं. हम आपको बताने जा रहे झराबहाल गांव में मौजूद राधा कृष्ण के भीतर मौजूद शिला के बारे में. यह कोई साधारण शिला नहीं बल्की शपथ शिला है. जिसे गांव के पूर्वजों ने एक राय होकर जमीन में गाड़ दिया था. जिस तरह मंदिर निर्माण जन सहयोग से हुआ उसी तरह भगवान के प्रति जन आस्था बरकरार रखने मंदिर संचालन के लिए प्रति साल फसल कटाई के बाद अनाज अथवा नगद लगान के रूप में भगवान को समर्पण करना पड़ता है.



123 साल पहले ही क्षेत्र के लोगों ने भगवान को लगान के स्वरूप भेठ देना तय किया था. जिस तरह सरकार लगान के रकम से अपने कर्मचारी के वेतन भत्ते और मेंटेनेंस का कार्य कराती है ठीक इसी तरह प्राप्त लगान से मंदिर का संचालन होता है.

**मूर्ति की शक्ति परीक्षण के बाद मंदिर बनाने दिया सहमति-** मंदिर ट्रस्टी के अध्यक्ष देवेंद्र बेहेरा बताते हैं कि 18वीं शताब्दी की बात है, जब मिछ मूंड नामक पंडित पूरी से लाए जगन्नाथ की मूर्ति को झराबहाल ग्राम में बरगद पेड़ के नीचे रख पूजन करते थे. धीरे-धीरे लोगों की आस्था इस मूर्ति पर बढ़ी.लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए जमीदार से स्थान की मांग किया. लेकिन तत्कालीन जमीदारों ने मूर्ति के शक्ति का परीक्षण कराना तय किया. देवभोग से लगे आसपास के 54 गांव के प्रतिनिधि बुलाए गए और मूर्ति की सत्यता का परीक्षण किया. पंडा ने जिस परात में मूर्ति को चंदन-हल्दी पानी से स्नान कराया उस पानी में लोहे के कछुए को पंडा ने तैरा दिया. इस चमत्कार के बाद मंदिर बनाने का ऐलान हुआ.

**प्रभु क्यों वसूल कराते हैं लगान-** मंदिर ट्रस्टी के परिवार के वरिष्ठ सदस्य जोगेंद्र बेहेरा बताते हैं कि परीक्षण के बाद यह भी तय हुआ की मंदिर निर्माण अकेले जमीदार नहीं बनाएंगे, इसका निर्माण जनभागीदारी से होगा. 1854 में मंदिर बनाना शुरू हुआ, 84 गांव के सभी ग्रामीण अपने क्षमता के अनुरूप सहयोग किया. निर्माण सामग्री से लेकर आर्थिक सहयोग किया. निर्माण 1901 में पूरी हुई. मंदिर बनने के बाद अब इसके संचालन को भी भक्तों के आस्था के साथ जोड़ा गया. फसल कटने के बाद फसल का अंश मंदिर संचालन,भगवान के भोग के लिए देना तय हुआ और इसके लिए संकल्प भी लिया गया. इस संकल्प के साक्षी के लिए मूर्ति स्थापित पुराने स्थान पर एक पत्थर गाड़ उसे शपथ शिला का नाम दिया. कुछ साल पहले अब इस शिला पर भी मंदिर बनाया गया.

## आम आदमी ने गठित की छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी गोपाल साहू अध्यक्ष, जसबीर बने प्रदेश महासचिव

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की. गोपाल साहू को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. इसके अलावा अन्य पदों पर भी नियुक्ति की गई है. लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी का यह पहला बड़ा कदम है. आम आदमी पार्टी ने गोपाल साहू को प्रदेश अध्यक्ष के अलावा जसबीर सिंह को प्रदेश महासचिव (संगठन), वदूद खान को प्रदेश महासचिव, नंदन सिंह को प्रदेश कोषाध्यक्ष और सूरज उपाध्याय को प्रदेश का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है.




बता दें कि विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद से आम आदमी पार्टी में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया था, जिसमें आप के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने इस्तीफा देने के चंद महीने बाद भाजपा का दामन थाम लिया था. शीर्ष नेतृत्व के इस्तीफे के बाद पर आप ने पार्टी का प्रदेश में नए सिरे से गठन किया है.

## ग्रामीण क्षेत्रों में घुसा दंतैल हाथी, लोगों में दहशत, 12 से अधिक गांवों में अलर्ट जारी

**महासमुंद।** एक दंतौल हाथी तरजुन्गा से सरकड़ा गांव की ओर बढ़ रहा है. जिससे लोगों में दशहत का माहौल बना हुआ है. हाथी के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश से वन विभाग अलर्ट मोड पर है और 12 से अधिक गांव में हाई अलर्ट जारी कर दिया है.



हाथी की गतिविधियों के बारे में जानकारी के अनुसार, महासमुंद से गरियाबंद जिले में एक दंतैल हाथी प्रवेश कर रहा है. हाथी सूखा नदी क्रास कर गनियारी डैम की ओर तेजी से बढ़ रहा है. इसको देखते हुए वन विभाग ने दर्जन भर गांव में अलर्ट जारी किया है. वन विभाग द्वारा गांवों में माइक के जरिये अलर्ट जारी किया जा रहा है और लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी जा रही है.

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व पखवाड़ा 20 तक, राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण

### आगामी 8, 9 और 10 जुलाई को 24 पंचायत मुख्यालय में आयोजित शिविर में 100 से भी ज्यादा गांवों के ग्रामीणजन होंगे शामिल, ग्रामीणों से की राजस्व पखवाड़ा में शामिल होकर लाभ लेने की अपील

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पूरे प्रदेश सहित सरगुजा जिले में राजस्व पखवाड़ा शुरू हो गया है, जिसका आयोजन 20 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व पखवाड़ा जारी है। इस शिविर में राजस्व संबंधित समस्याओं, मांग और शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाकर निराकरण किया जाना है। राज्य शासन द्वारा आवेदन के निराकरण के लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित की गई है।

राजस्व पखवाड़ा शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा अविवादित और विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाना है।

**आगामी 8, 9 और 10 जुलाई को यहां होंगे शिविर -** 8 जुलाई सोमवार को तहसील अंबिकापुर अंतर्गत असोला में शिविर होगा। जिसमें असोला, देवगढ़, रनपुर खुर्द, मालगवांखुर्द, रामनगर, सोनपुर कला शामिल होंगे। लखनपुर तहसील में शिविर स्थल बेलखरिखा, तुरना अमलभिट्टी, ईरगवां, मलगवां कला, मलगवां, अमदला, टपरकेला, और केंवरी ग्राम शामिल होंगे। उदयपुर तहसील में केदमा में शिविर होगा जिसमें पनगोती, बड़ेगांव, मतरिंगा, सितकालो और बुले शामिल होंगे। मैनपाट तहसील में नागाडाड़ में शिविर होगा जिसमें आमगांव और समनिया ग्राम शामिल होंगे। सीतापुर में पेटला में शिविर होगा जिसमें पेटला, रजौटी, आरा, ललितपुर शामिल होंगे। दरिमा तहसील मे करजी मे शिविर होगा जिसमे बरटिकरा, करजी, हरिहरपुर, शिवपुर और परसोड़ी खुर्द शामिल होंगे। लुण्ड्रा तहसील में दर्रीडीह में शिविर होगा जिसमें रघुनाथपुर, सायरराई लालमाटी, गांझाडाड़, सुमेरपुर, दर्रीडीह शामिल होंगे। बतौली तहसील में बिलासपुर में शिविर होगा जिसमें बिलासपुर, पोपरेंगा, सिलमा शामिल होंगे।

9 जुलाई मंगलवार को अम्बिकापुर के अंतर्गत फुन्डुडीहारी में शिविर होगा जिसमे फुन्डुडीहारी, सुभाष नगर शामिल होंगे। लखनपुर तहसील में कुसू में शिविर होगा जिसमें कुसू, जमगवा, चांदो, सोयदा, तुनगुरी, प्रतापपुर, धनौरा, गोरियापीपर, पुटा शामिल होंगे। उदयपुर तहसील में लक्ष्मणगढ़ में शिविर होगा जिसमें सायर, कुमडेवा, सानिबर्रा, लक्ष्मणगढ़, सुखरीभंडार शामिल होंगे। मैनपाट तहसील में बिसरपानी में शिविर होगा जिसमें करम्हा, बिसरपानी, कदनई शामिल होंगे।

## नेताओं, कार्यकर्ताओं को जोड़े रखना भी तो चुनौती...

संपादकीय

पार्टी एक बार लोकसभा का चुनाव हार जाए तो पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ रखना मुश्किल होता है। दूसरा लोकसभा चुनाव हार जाए तो पार्टी छोड़ने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं का लंबा सिलसिला शुरू होता जाता है। यदि पार्टी तीसरा लोकसभा भी हार जाए, तो पार्टी के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़े रखना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। राजनीति में माना जाता है कि दल तब ही एकजुट व मजबूत रहता है जब पार्टी सत्ता में रहे। निरंतर सत्ता में रहे इसके उलट यदि पार्टी निरंतर सत्ता से बाहर रहती है तो न तो वह एकजुट रहती है और न ही मजबूत रहता है। जितनी बार हारती है, उतनी कमजोर होती जाती है। देश में कांग्रेस की ऐसी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी है जो लोकसभा का तीन चुनाव हार चुकी है। इसलिए अन्य क्षेत्रीय दलों की तुलना में उसके लिए अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना सबसे बड़ी चुनौती है। तीन चुनाव हारने के बाद पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को भरोसा नहीं रह जाता है कि अब उनकी पार्टी कोई चुनाव जीतने वाली है। ऐसे में स्वाभाविक है कि वह दूसरे राजनीतिक दलों में अपना भविष्य तलाशने का प्रयास करेंगे। दस साल में जितने कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ी है, उतनी कभी नहीं छोड़ी क्योंकि कांग्रेस पहले एक चुनाव हार जाती थी तो पांच साल बाद दूसरा चुनाव जीत जाती थी। कभी ऐसा नहीं होता था कि कांग्रेस दो चुनाव, तीन चुनाव लगातार हारे। इससे नेताओं व कार्यकर्ताओं में भरोसा रहता था कि एक चुनाव हार गए, तो दूसरा चुनाव हम जीत लेंगे। तीन चुनाव हारने के बाद ऐसा भरोसा नहीं रह जाता है तो पार्टी के नेताओं के सामने नेताओं व कार्यकर्ताओं को किसी तरह भरोसा दिलाया जाए कि जल्द ही हमारी सरकार बनने वाली है। चुनाव में तो कांग्रेस को बहुमत मिला नहीं है, उसकी सरकार भी नहीं बनी है, फिर भी राहुल गांधी व कांग्रेस नेता आए दिन यह बयान इसीलिए देते हैं कि मोदी सरकार कमजोर है, वह कभी भी गिर सकती है,उसे तो हम अगस्त में गिरा देंगे। लालू यादव ने जो बयान हाल में दिया है कि अगस्त में मोदी सरकार गिर जाएगी,अपनी पा्र्टी के नेताओं को आश्वस्त करने की कोशिश है कि केंद्र में हमाही सरकार बनने वाली है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी यही कर रहे हैं, उन्होंने हाल ही में अहमदाबाद में फिर कहा है कि जिस तरह भाजपा सरकार ने यहां कांग्रेस कार्यालय को तोड़ा है, हम भाजपा सरकार को तोड़ देंगे। जिस तरह भाजपा को हमने अयोध्या में हराया है, उसी तरह गुजरात में भी अगला चुनाव में हार देंगे। राहुल गांधी को पार्टी को अगले चुनाव तक एकजुट करना है तो यह तो कहना ही पड़ेगा कि अगला चुनाम हम जीतेंगे लेकिन गुजरात में कांग्रेस दो दशक से चुनाव हारती आ रही है,इसलिए उसके लिए गुजरात में भाजपा को हराना आसान तो नहीं है लेकिन वह यह उम्मीद कर सकते हैं कि दो दशक में भाजपा के खिलाफ जो नाराजगी है, हो सकता है वह अगले चुनाव में उभर कर सामने आ जाए और कांग्रेस के अलावा कोई विकल्प न होने के कारण लोग कांग्रेस को ही चुने। राहुल गांधी जानते हैं कि कांग्रेस भाजपा को अकेले नहीं हरा सकती।जिस अयोध्या में भाजपा को हराने की बात कर रहे हैं, वह भी झूठ कह रहे हैं, भाजपा फैजाबाद लोकसभा चुनाव हारी है, अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बढ़त मिली है। भाजपा के लिए अयोध्या एक बड़ा मुद्दा रहा है, इसलिए अयोध्या में भाजपा को हराना कांग्रेस बड़ी घटना बताने का प्रयास कर रहे हैं। हकीकत यह है कि आज भी कांग्रेस को यूपी में जो सफलता मिली है, उसके पीछे सपा व अखिलेश यादव का सहयोग है। अखिलेश यदि सहयोग नहीं करते तो राहुल गांधी राहबरेली तक नहीं जीत सकते थे। राहुल गांधी को समझने की जरूरत है कि वह झूठ की राजनीति कर एक बार फायदा उठा सकते हैं। जब देश के लोग व पार्टी के लोग भी समझ जाएंगे तो राहुल गांधी व कांग्रेस को झूठ की राजनीति से ऐसा नुकसान होगा कि वह बरसों उसकी भरपाई कर पाएंगे। पीएम मोदी ने सही कहा है कि कांगरेस के मुंह झूठ का खून लग गया है। यही वजह है कि उसके नेता देश के लोगों के साथ ही अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं से भी झूठ बोल रहे हैं ताकि वह पार्टी छोड़कर न जाएं। राहुल गांधी के हर झूठ की पोल तो देरसबेर खुल जाती है। गुजरात में राहुल गांधी ने जो झूठ बोला है, उसकी पोल भी अगले चुनाव में खुल जाएंगी। तब वह गुजरात के नेताओं व कार्यकर्ताओं से क्या कहेंगे।



## मोटोरोला ने लॉन्च किया आरएजेड 50 अल्ट्रा

इस फोन के सबसे बड़े और सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले ने भारत में फोल्डेबल स्माटफोन बाजार में खलबली मचा दी है, बाहरी डिस्प्ले से सीधे गूगल के जेमिनी - एक व्यक्तिगत ऐआई सहायक - तक पहुंच प्रदान करने वाला एकमात्र फ्लिप फोन - प्री-रिजर्व 10 जुलाई 2024 से शुरू होगा !जुलाई 2024ः मोबाइल तकनीक और नवाचार में वैश्विक अग्रणी, मोटोरोला ने आज फोल्डेबल स्माटफोन तकनीक में एक बार फिर से बदलाव करते हुए अपने आरएजेड फ्रेंचाइजी के सबसे उन्नत स्माटफोन, मोटोरोला आरएजेड 50 अल्ट्रा को लॉन्च किया है। यह फ्लिप फोन मोटोरोला की विकास और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें विभिन्न उद्योग अग्रणी विशेषताएँ जैसे कि किसी भी फ्लिप फोन की सबसे बड़ी, सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले शामिल हैं ।कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया की जहाँ आपका स्माटफोन केवल एक डिवाइस नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत सहायक, क्रिएटिव स्टूडियो और उत्पादकता का पावरहाउस हो। गूगल के साथ मिलकर, मोटोरोला ने नए मोटोरोला आरएजेड 50 अल्ट्रा में ऐआई-संचालित अनुभव और सुविधाजनक सुविधाएँ लाकर इस विजन को वास्तविकता में बदल दिया है ।पहली बार, आरएजेड उपयोगकर्ता बाहरी डिस्प्ले से सीधे जेमिनीय को एक्सेस कर सकते हैं। गूगल की जेमिनी ऐप एक व्यक्तिगत एआई सहायक है जो आपकी रचनात्मकता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। चाहे उपयोगकर्ताओं को किसी नए प्रोजेक्ट के लिए चरण-दर-चरण निर्देश चाहिए हों, यात्राओं और गतिविधियों की योजना बनाने में मदद चाहिए, या धन्यवाद पत्र या ईमेल लिखने में सहायता चाहिए हो। जेमिनी दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए विचार मंथन में मदद कर सकती है और गूगल ऐप्स और सेवाओं जैसे मैप्स, यूट्यूब, फ्लाइट्स, जीमेल और ड्राइव से आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकती है।

शुभा दुबे

# भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी कुशल व्यक्तित्व-जुग जुग जियो

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर दिनांक 5 जुलाई 2024 को देर शाम जहां एक ओर दुनियां की निगाहें ब्रिटेन में हुए सांसद चुनाव नतीजे पर लगी थी,जहां 14 वर्षों के बाद सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी, लेबर पार्टी से चुनाव हार गई और ब्रिटेन के 58 वें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर बन गए। ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव में उनकी पार्टी ने जीत हासिल की है। लेबर पार्टी ने 650 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स' में 412 सीट हासिल कीं, यह संख्या 2019 में पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 211 अधिक है ।अब की बार, 400 पार आखिरकार हो गया, लेकिन किसी दूसरे देश में ।वहीं ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ने 121 सीट पर जीत दर्ज की जो पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 250 कम हैं। लेबर पार्टी का मत प्रतिशत 33.7 रहा, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी का मत प्रतिशत 23.7 रहा ।वही मैं जब अपने कुछ व्हाट्सएप ग्रुप को चेक करने के लिए खोला,तो हैरान व दंग रहगया ! क्योंकि एक फोटो के साथ एक पोस्ट था और धड़ाधड़ उसके आगे अनेक पोस्ट ओम शांति, ओम शांति रूपी श्रृद्धाजंलियां थी !चूंकि मैं वकालत के साथ मीडिया से भी रेगुलर जुड़ा हुआ हूं तो अनेक काल मेरी मोबाइल पर भी आई, फिर मैंने जब ऊपर मोबाइल लगाई तो सब फेक निकला, फिर धड़ाधड़ पोस्ट डिलीट होते चले गए। इस महान व्यक्तित्व, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी राजनीति सेवा में समर्पित की तथा 96 वर्ष पार की उम्रमें स्वास्थ्य के कारण पहले 26 जून 2024 को दिल्ली की एम्स में भर्ती हुए व 27 जून को वहां से छुट्टी मिल गई, फिर दोबारा 3 जुलाई 2024 को दिल्ली की अपोलो अस्पताल में भर्ती हुए और फिर 4 जुलाई 2024 को देरशाम छुट्टी मिल गई ।मैंने स्वयं एएनआई की 4 जुलाई 2024 की देर रात्रि की कुछ वीडियो क्लिप देखी जो सोशल मीडिया पर चलरहीं थी, जिसमें अपोलो के गेट नंबर 3 से आडवाणी जी बाहर आ रहे थे जो कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में थे। इसलिए मैंने देर शाम ही इस महान व्यक्तित्व पर आर्टिकल लिखने का मन बनाया व रिसर्च शुरू कर देर रात्रि तक आर्टिकल लिखा। मैंने यह महसूस किया कि माता-पिता,पूरा परिवार सहित कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें देखने मात्र से या यूं कहें के उनकी हुजूरी या उपस्थिति मात्र से ही दिल दिमाग व ह्रदय में ताकत का अद्भुत संचार होता है,भले ही वे कुछ वर्क करें या ना करें, मार्गदर्शन दें या ना दें, या फिर रिटायरमेंट का जीवन जी रहे हो, फिर भी उनकी हुजूरी या उपस्थितसे हमारे माथे पर आशीष की छाया रहती है, तो बल मिलता है, एक ताकत मिलती है। यही भाव भारतीय राजनीति व विशेष रूप से सत्ताधारी पार्टी में यह महसूस होता है। यही कारण है कि माननीय पीएम ने उनको भारत रत्न देने व शपथ ग्रहण से पहले उनके घर पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया था ।ये वही आडवाणी हैं जिन्होंने 1984 में दो सीटों पर सिमट गई पार्टी को रसातल से निकालकर पहले भारतीय राजनीति के केंद्र में पहुंचाया और फिर 1998 में पहली बार सत्ता का स्वाद चखाया ।हम कई पुरानी तस्वीरों में देखते रहते हैं कि माननीय पीएम किसी जमाने में लालकृष्ण आडवाणी के राइटहैंड बने रहते थे जो रथ यात्रा की तस्वीर में भी पूरे विश्व ने देखा और हम कामना करते हैं कि इसी तरह माननीय लाल कृष्ण जी हंसते मुस्कुराते व स्वस्थ रहें। चूंकि पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी भारतीय संसद में एक अच्छे सांसद के रूप में अपनी भूमिका के लिए सराहे और पुरस्कृत किए गए थे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी कुशल व्यक्तित्व, जुग जुग जियो।

साथियों बात अगर हम माननीय लालकृष्ण आडवाणी के 27 जून एम्स व 3 जुलाई को अपोलो में भर्ती होने की करें तो, सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार (3 जुलाई) की रात को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार (4 जुलाई 2024) की दोपहर एक बजे उनकी हालत स्थिर बताई गई थी। अब लालकृष्ण आडवाणी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार दोपहर को लालाकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर थी। उन्हें न्यूरोलॉजी विभाग में एक डॉक्टर्स के ग्रुप की निगरानी में रखा गया था। पूर्व उप प्रधानमंत्री को बुधवार रात करीब नौ बजे अपोलो अस्पताल लाया गया था। उनके साथ उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी भी थीं। उनका इलाज यहां कुशल



डॉक्टर की निगरानी में किया जा रहा था। पिछले सप्ताह एम्स में भी हुए थे भर्ती, इससे पहले पिछले सप्ताह 26 जून को लालकृष्ण आडवाणी को नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। वहां उनका इलाज यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी डॉक्टर्स की निगरानी में हो रही थीहालांकि अगले ही दिन 27 जून को उन्हे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। साथियों बात अगर हम लालकृष्ण आडवाणी के जीवन और कुशल नेतृत्व की करें तो, लालकृष्ण आडवाणी, (जन्मः 8 नवम्बर 1927) सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी को भारतीय राजनीति में एक प्रमुख पार्टी बनाने में उनका योगदान सर्वोपरि कहा जा सकता है। वे कई बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। जनवरी 2008 में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन ने लोकसभा चुनावों को आडवाणी के नेतृत्व में लड़ने तथा जीत होने पर उन्हें प्रधानमन्त्री बनाने की घोषणा की थी। हाल ही में भारत सरकार ने 31 मार्च 2024 को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की और उन्हें भारत रत्न सम्मान दिया गया। वर्ष 1951 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की। तब से लेकर सन 1957 तक आडवाणी पार्टी के सचिव रहे ।वर्ष 1973 से 1977 तक आडवाणी ने भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष का दायित्व सम्भाला। वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद से 1986 तक लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के महासचिव रहे। इसके बाद 1986 से 1991 तक पार्टी के अध्यक्ष पद का उत्तरदायित्व भी उन्होंने सम्भाला ।1990 राम रथ यात्रा,इसी दौरान वर्ष 1990 में राममन्दिर आन्दोलन के दौरान उन्होंने सोमनाथ से अयोध्या के लिए राम रथ यात्रा निकाली। हालांकि आडवाणी को बीच में ही गिरफ़्तार कर लिया गया पर इस यात्रा के बाद आडवाणी का राजनीतिक कद और बड़ा हो गया ।1990 की रथयात्रा ने लालकृष्ण आडवाणी की लोकप्रियता को चरम पर पहुँचा दिया था। वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद जिन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है उनमें आडवाणी का नाम भी शामिल है ।पार्टी भूमिका, लालकृष्ण आडवाणी तीन बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। आडवाणी चार बार राज्यसभा के और पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे। वर्ष 1977 से 1979 तक पहली बार केन्द्रीय सरकार में कैबिनेट मन्त्री की हैसियत से लालकृष्ण आडवाणी ने दायित्व सम्भाला। आडवाणी इस दौरान सूचना प्रसारण मन्त्री रहे ।आडवाणी ने अभी तक के राजनीतिक जीवन में सत्ता का जोसर्वोच्च पद सम्भाला है वह है,एनडीए शासनकाल के दौरान उपप्रधानमन्त्री का। लालकृष्ण आडवाणी वर्ष 1999 में एनडीए की सरकार बनने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केन्द्रीय गृहमन्त्री बने और फिर इसी सरकार में उन्हें 29 जून 2002 को उपप्रधानमन्त्री पद का दायित्व भी सौंपा गया ।भारतीय संसद में एक अच्छे सांसद के रूप में आडवाणी अपनी भूमिका के लिए कभी सराहे गए तो कभी पुरस्कृत भी किए गए। बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने 1986 से 1990 तक फिर 1993 से 1998 तक और 2004 से 2005 तक पार्टी के अध्यक्ष के रूप में काम किया ।साल 2013 में उन्होंने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। इस साल 31 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में अपने आवास पर पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया था लालाकृष्ण आडवाणी ने 1998 से 2004 तक गृह मंत्री और 2002 से 2004 तक उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, वह 2009 के आम चुनाव के दौरान बीजेपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे।

साथियों बात अगर हम माननीय लालकृष्ण आडवाणी द्वारा वहन की गई प्रमुख जिम्मेदारियां की करें तो धारण किये गये प्रमुख पद1967-1977 : दिल्ली महानगर परिषद के सदस्य (महापौर के रूप में भी कार्य किया) 1970-1972 : भारतीय जनसंघ, दिल्ली के अध्यक्ष।1970-1976ः दिल्ली के राजगृह परिषद के सदस्य (अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया)1973-1977ः भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष (अखिल भारतीय स्तर पर) 1977-1979ः सूचना और प्रसारण मंत्री (जनता पार्टी सरकार)1977-1979ः राज्यसभा में सदन के नेता (जनता पार्टी सरकार) 1978-1984 राज्यसभा के सदस्य (गुजरात से निर्वाचित) 1980-1986ः राज्यसभा में भाजपा के नेता1980-1986ः भारतीय जनता पार्टी के महासचिव 1986-1991ः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (पहले 5 अध्यक्षों में से एक)1991-1998ः लोकसभा में विपक्ष के नेता (भाजपा) 1996-2009ः राज्यसभा के सदस्य (मध्य प्रदेश से निर्वाचित) 1998 2004ः गृह मंत्री (भाजपा सरकार)1998-2004ः गृह मामलों पर केंद्रीय कैबिनेट समिति के अध्यक्ष 2002 2004ः उप प्रधानमंत्री (भाजपा सरकार)2002-2004ः सुरक्षा मामलों पर केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति के अध्यक्ष2004-2009ः लोकसभा में लोक लेखा समिति के अध्यक्ष2009ः लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 2014-2020ः भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य। 2024 में भारत सरकार द्वारा इनको भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी कुशल व्यक्तित्व-जुग जुग जियो भारतीय संसद में एक अच्छे संसद के रूप में आडवाणी जी अपनी भूमिका के लिए सराहे और पुरस्कृत किए गए थे ।भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की एम्स व अपोलो से छुट्टी,उनके स्वस्थ रहने व मार्गदर्शन की दुआओं का तांता लगा।

# सार्थक संवाद की दृष्टि से निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र

**प्रो. संजय द्विवेदी**

भारतीय संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डा. राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ,वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गयी। राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल था। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे,तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वे सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। यह दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता



प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका-टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष की गलत बयानी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीरफाड़ कर सकते थे। किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वे सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन आफ द मैच' घोषित कर दिया। जाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था। किंतु पहले दिन की वाहवाही अगले दिन ही धराशाई हो गई जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए। लोकसभा के प्रथम सत्र से निकली छवियां बता रही हैं कि आगे भी सब कुछ सामान्य नहीं रहने वाला है। किंतु संसद को अखाड़ा, चौराहे की चर्चा के स्तर पर ले जाने के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? यह ठीक बात है कि सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, किंतु सदन में सार्थक और प्रभावी विमर्श खड़ा करना विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। अब जबकि विपक्ष अपनी बढ़ी संख्या पर मुग्ध है तो क्या उसे संसदीय मर्यादाओं को छोड़कर अराजकता का आचरण करना चाहिए? सच तो यह है कि सदन के इस तरह चलने से सत्तारूढ़ दल का ही लाभ है। बिना बहस और चर्चा के कानून इसीलिए पास होते हैं क्योंकि संसद का ज्यादातर समय हम विवादों में खर्च कर देते हैं। संसदीय परंपरा रही है कि हर नयी सरकार को प्रतिपक्ष कम से कम छः माह का समय देता है। उसके कार्यक्रम और योजनाएं का मूल्यांकन करता है। पहले दिन से ही सदन को अराजकता की ओर ढकेलना उचित नहीं कहा जा सकता। अपनी लंबी संसदीय प्रणाली में भारत ने अनेक संकटों का समाधान किया है। हमारे संसदीय परंपरा का मूलमंत्र है संवाद से संकटों और समस्याओं का समाधान खोजना। संसद इसी का सर्वोच्च मंच है। यह प्रक्रिया नीचे पंचायत तक जाती है। इससे सहभागिता सुनिश्चित होती है, सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है। संसद से नीचे के सदनों विधानसभा सभाओं, विधान परिषदों, नगरपालिका, नगर निगमों और पंचायतों को भी सांसदों का आचरण ही रास्ता दिखाता है। लोकसभा के पहले सत्र का लाइव प्रसारण देखते हुए हर संवेदनशील भारतीय जन को ये दृश्य अच्छे नहीं लगे हैं। संसदीय मर्यादाओं और परंपराओं की रक्षा हमारे सांसद गण नहीं करेंगे तो कौन करेगा? संसदीय राजनीति के शिखर पर बैठे दायित्ववान सांसदों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने आचरण से इस महान संस्था का गौरव बढ़ाने में सहयोगी बनें। नफरतों, कड़वाहटों और संवादहीनता से 'राजनीति' तो संभव है पर 'राष्ट्रनीति' हम न कर पाएंगे।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आप अपने कामों को समय से पूरा करेंगे, जिससे आपके मन में यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी काफी कम होंगे। आपका कोई मित्र आपके घर दावत कर सकता है। जो विद्यार्थी सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़नी है, तभी उन्हें कोई अच्छा मुकाम हासिल हो सकेगा। आप अपने घर को रेनोवेट कराने पर भी इस समय में पूरा ध्यान देंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्ण रहने वाला है। आप यदि कोई मदद मांगेंगे, तो उनके भी आपको मिलने के पूरी संभावना है। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। यदि परिवार में किसी बात को लेकर खटपट हो रही थी, तो वह भी दूर होगी और सभी एकजुट नजर आएंगे। जीवनसाथी आपसे किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपने कोर्ट कचहरी से संबंधित मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि आपने किसी काम में बिना सोच समझे निवेश किया, तो इससे आपको कोई नुकसान हो सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपकी रचनात्मक कार्यों के प्रति रुचि बढ़ेगी। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहेगा, क्योंकि आपके बिजनेस की योजनाएं गति पकड़ेगी, जो आपको अच्छा लाभ देंगी। किसी घर, मकान और दुकान आदि खरीदने का सपना आपका पूरा होगा, लेकिन आप कोई काम अपने पिताजी से बिना पूछे ना करें, नहीं तो उसमें आपको कोई समस्या खड़ी हो सकती है। आपका कोई विरोधी आपको परेशान कर सकता है। आप बिना सोचे समझे किसी से कोई लेनदेन ना करें, नहीं तो इससे आपकी समस्याएं बढ़ेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे और उनकी सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। संतान के करियर को लेकर यदि आपको कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी, क्योंकि वह अपने करियर में अच्छा नाम कामाएंगे। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी, जो आपकी मदद करेगी। आप अपने परिवार में किसी सदस्य को यदि कोई सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। यदि आपके बिजनेस में आपका धन का कही फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने खर्चों को बढ़ाएं, उन पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें। बिजनेस के किसी काम को लेकर आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरे की आवश्यकता होगी। आप अपनी वाणी और व्यवहार से अपने आसपास रह रहे लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सीनियर से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा और जो जातक किसी काम को लेकर परेशान थे, तो उनका वह काम भी पूरा हो सकता है। कन्या- आज का दिन आपके लिए अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप नौकरी के साथ-साथ किसी पार्टटाइम कार्य को करने की योजना भी बना सकते हैं, जिससे आपकी इनकम में वृद्धि होगी। आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप शारीरिक व मानसिक रूप से थोड़ा परेशान रहेंगे, लेकिन आपको सोच समझकर काम करने होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस बनाए रखने की आवश्यकता है। आपको किसी काम के चलते अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए अपनी आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। परिवार में लोगों में यदि कुछ अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होती दिख रही है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से नई पहचान मिलेगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। अविवाहित जातकों के जीवन में उत्तम विवाह का प्रस्ताव आ सकते है। आप परिवार के सदस्य के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए शुभ सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी बड़े निवेश को करने की तैयारी कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको सचेत रहना होगा। संतान के करियर में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो वह भी आपके किसी मित्र की मदद से दूर होगी। आपको किसी की कहीसुनी बातों में नहीं आना है। विद्यार्थियों का किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। धनु- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधानी से करना होगा। माता-पिता के साथ आपके संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आपको किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है। आप कोई भी धन का लेनदेन बहुत ही सोच विचारकर करें, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। मकर- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। संतान के भविष्य को लेकर आप जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई प्लानिंग कर सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे हैं लोगों को अभी कुछ समय और परेशान होना होगा, उसके बाद ही कोई राहत मिलती दिख रही है। आप अपने कुछ फैसलों को लेकर परेशान रहेंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्यग्रता बढ़ेगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों में कोई जल्दबाजी न करें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। व्यापार में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने खान-पान पर ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो लापरवाही के कारण आपके पेट संबंधित समस्याएं बढ़ेंगी जो आपको परेशान करेंगी आप पार्टनरशिप में कोई काम करने से बचें, नहीं तो आपको उसमें समस्या होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलता देख रहा है।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है और बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों को करने में कुछ समस्याएं आएगी, जिनके लिए उन्हें अपने अधिकारियों से बातचीत करनी होगी।

## थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) एवं एनवीडिया ने एमओयू साईन करने की घोषणा की

ट्ट एआई -सक्षम विश्वविद्यालय स्थापित कर भारत में उच्च शिक्षा को नया आयाम देगाथापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

दिल्ली एनसीआरः थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) ने एनवीडिया (एनवीडिया) के साथ एक एमओयू साईन करने की घोषणा की, जिसके तहत एनवीडिया (एनवीडिया) एआई यूनिवर्सिटी प्रोग्राम के तकनीकी सहयोग से थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस (टीएसएएआई) की स्थापना की जाएगी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया भर के उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है, शिक्षा के भविष्य को नया रूप दे रही है और जीवन को बदल रही है। टीआईईटी और एनवीडिया के बीच एमओयू के तहत, थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस की स्थापना टीआईईटी के पटियाला कैंपस में की जाएगी। इस इनोवेटिव इनिशिएटिव का उद्देश्य छात्रों और संकाय दोनों को एआई कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए कॉम्प्रेहेंसिव एकेडमिक प्रोग्राम, रिसर्च ओपोर्चुनिटी और इनोवेशन प्रोजेक्ट प्रदान करना है। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. पद्मकुमार नायर ने कहा, ₹हम एनवीडिया के तकनीकी सहयोग से इस एआई स्कूल की स्थापना करने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। यह कार्य न केवल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटेगा बल्कि इस परिवर्तनकारी क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह हमारे दृष्टिकोण को और भी सुदृढ करता है जो भविष्य के लिए तैयार छात्रों को शिक्षा प्रदान करने का है।

एनवीडिया के एशिया साउथ के प्रबंध निदेशक विशाल धूपर ने कहा, ₹ग्लोबल एआई एजुकेशन इनिशिएटिव में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में, थापर इंस्टीट्यूट पूरे भारत में एआई विशेषज्ञों की एक नई पीढ़ी को तैयार करने के लिए अत्याधुनिक एनवीडिया तकनीकों को एक साथ लेकर आएगा। नया एआई स्कूल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटने में मदद करेगा और उद्योग में शानदार रिसर्च और इनोवेशन का रास्ता मजबूत करेगा।




## गौहर खान ने विशाल पांडे का किया समर्थन

मुंबई. बिग बॉस ओटीटी 3 दिन-ब-दिन विवादित होता जा रहा है। अब, प्रतियोगी विशाल पांडे को कृतिका मलिक पर उनकी comment के लिए अरमान मलिक ने थप्पड़ मार दिया, जिससे दर्शकों के बीच हलचल मच गई है। दरअसल, बिग बॉस का सातवां सीजन जीतने वाली गौहर खान अपनी राय रखने के लिए आगे आई हैं और अरमान की खिंचाई की है। गौहर आगे आईं समर्थन में गौहर खान ने विशाल पांडे का समर्थन करने के लिए आगे आने के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज का सहारा लिया। किसी का नाम लिए बिना, अभिनेता ने साझा किया कि वह सोच रही हैं कि क्या शादीशुदा लोगों को सुंदर नहीं मानना उचित है। गौहर ने लिखा, ''तो क्या शादीशुदा लोगों को सुंदर बोलना भी गुनाह है!!!!! कुछ भी। (क्या शादीशुदा लोगों को सुंदर कहना अपराध है। इसका कोई मतलब नहीं है)''। एक वीडियो में, पिछले बिग बॉस विजेता एल्विश यादव अपने नवीनतम व्लॉग में थप्पड़ की घटना पर अपने दोस्तों की राय पूछते नजर आए। उन्होंने यहां तक कहा कि अरमान को बिग बॉस शो से निकाल दिया जाना चाहिए जो कि एक विरासत है। हलचल बिग बॉस ओटीटी 3 के घर के अंदर एक शारीरिक हमला हुआ, जब मौखिक बहस के बाद अरमान ने विशाल को थप्पड़ मार दिया। वीकेंड का वार एपिसोड में पूर्व प्रतियोगी और अरमान की पहली पत्नी पायल मलिक ने सरप्राइज विजिट की। उन्होंने vishal से अरमान की दूसरी पत्नी कृतिका मलिक पर उनकी टिप्पणी के बारे में बात की, जहां उन्होंने कहा कि वह उन्हें पसंद करते हैं। बाद में, पायल के जाने के बाद, अरमान इस मामले के बारे में विशाल से बात करने गए।

## मनीषा कोइराला हुईं फिल्म इंडस्ट्री की 'सेक्सिज्म' वाली सोच का शिकार

**मनीषा का कहना है कि बॉलीवुड में अक्सर ही मर्द और औरत में फर्क किया जाता रहा है. जो बातें मर्दों में 'माचोमैन' के तौर पर देखी जाती हैं, वही अगर औरत करें तो उनका दर्जा नीचा हो जाता है.**



**नई दिल्ली :** बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस मनीषा कोइराला ने हाल ही में हीरामंडी वेब सीरीज से अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी है. एक्ट्रेस 90s का पॉपुलर चेहरा रही हैं, उस दौर में जहां एक्ट्रेसेज अपनी पर्सनल लाइफ को छुपाने में विश्वास रखती थीं, मनीषा खुलकर उन मुद्दों पर बात करती थीं. मनीषा ने बताया कि 90s में फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी धारणाएं थीं, जो उन्हें काफी परेशान करती थीं, फिर चाहे वो ड्रिंकिंग हो या अफेयर. मनीषा का कहना है कि बॉलीवुड में अक्सर ही मर्द और औरत में फर्क किया जाता रहा है. जो बातें मर्दों में 'माचोमैन' के तौर पर देखी जाती हैं, वही अगर औरत करें तो उनका दर्जा नीचा हो जाता है.

मनीषा ने कहा- मुझे इसके लिए कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा क्योंकि उन दिनों हीरो की कई गर्लफ्रेंड हो सकती थीं और उन्हें 'माचोमैन' कहा जाता था, लेकिन हीरोइन को ये सूट नहीं करता था. हमारे लिए कहा जाता था... 'नहीं नहीं नहीं, कोई मुझे छू नहीं सकता' और 'हम अनटचेबल हैं.' ये भी गलत समझा गया कि वो बहुत आसानी से एक्सेस होने वाली या आसान लड़की है, जिसे आप जानते हैं. लेकिन मैंने इसे अपने हिसाब से लिया. सिर्फ इसलिए कि मेरी एक प्राइवेट लाइफ है या मेरा कोई बॉयफ्रेंड है, इसका मतलब ये नहीं है कि मैं अपने जीवन में अनप्रोफेशनल हूं. मुझे अपना काम पसंद है. एक्ट्रेसेज के लिए हमारे पास कुछ बहुत ही संकीर्ण तरह से वैल्यू करने का तरीका था, जो मेरे साथ अच्छी तरह से नहीं चला.

90 के दशक के कुछ ऐसे ही किस्सों को याद कर मनीषा ने बताया- सौदागर के समय एक पार्टी में मैंने वोडका के साथ कोक मिलाया था, और पी रही थी. मुझे मेरे आस-पास के लोगों ने कहा कि लोगों को ये मत बताओ कि मैं वोडका पी रही हूं क्योंकि एक्ट्रेस को शराब नहीं पीनी चाहिए. मुझे कहा गया कि मैं कहूं कि मैं कोक पी रही हूं. मैंने वो नई चीज सीखी. तो मैंने अपनी मां से कहा, 'मैं कोक पी रही हूं', और उन्हें पता था कि मैंने इसमें वोडका डाली है और उन्होंने कहा, 'सुनो, अगर तुम वोडका पी रहे हो, तो कहो कि तुम वोडका पी रहे हो, मत कहो कि तुम कोक पी रहे हो, ऐसी छोटी-छोटी बातों के लिए झूठ मत बोलो'. अगर मैं किसी को डेट कर रही थी, तो मैं किसी को डेट कर रही हूं. आप मुझे जज करना चाहते हैं? आगे बढ़ो और मुझे जज करो लेकिन मैं वैसी ही हूं, मैं ऐसी ही हूं और मैं अपना जीवन अपनी शर्तों पर जीती हूं.

मनीषा कोइराला ने सौदागर फिल्म से डेब्यू किया था. उनका नाम विवेक मुश्रान के साथ भी जुड़ा था. इसके बाद एक्ट्रेस के नाना पाटेकर के साथ भी अफेयर के चर्चे थे. मनीषा ने सम्राट दहल से शादी की थी लेकिन कुछ समय बाद अलग हो गई थीं.

## साई धरम ने यूट्यूबर की आलोचना की



मुंबई. अभिनेता साई धरम तेज ने हाल ही में तेलुगु यूट्यूबर प्रणीत हनुमंतू और उनके अन्य यूट्यूबर दोस्तों पर एक बच्चे के बारे में अनुचित मज़ाक करने के लिए हमला बोला। यूट्यूबर एक पिता और बेटी के वीडियो पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उनकी टिप्पणियों में यौन संदर्भ शामिल थे, जिन्हें अभिनेता ने 'घृणित और डरावना' पाया। साई धरम ने एक्स पर एक लंबा नोट पोस्ट किया और तेलंगाना सरकार से मामले की जांच करने को कहा। एक अन्य पोस्ट में, उन्होंने माता-पिता को चेतावनी दी कि वे नाबालिग को लेकर क्या सामग्री डालते हैं, इस बारे में अधिक सावधान रहें। आक्रोश के बाद, प्रणीत ने माफ़ी मांगी और internet से अनुरोध किया कि वे उनके परिवार को बाहर रखें, जबकि वे उन पर 'गुस्सा' कर रहे हैं। बाद में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने साई की पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी और लिखा, 'इस मुद्दे को हमारे संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद @IamSaiDharamTej garu। बच्चों की सुरक्षा हमारी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस घटना की जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।' अभिनेता मनोज मांचू ने भी साई के ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, '@phanumantwo जैसे व्यक्तियों को हास्य की आड़ में दुर्व्यवहार और नफ़रत फैलाने के लिए सोशल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करते देखना भयावह और असहनीय है। यह व्यवहार न केवल घृणित है, बल्कि ख़तरनाक भी है। बाल सुरक्षा और महिलाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। चुप्पी और निष्क्रियता कोई विकल्प नहीं है।' इसके बाद उन्होंने विभिन्न अधिकारियों को टैग किया और उनसे तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया। साई धरम ने पहले एक पोस्ट शेयर की थी.

## शाहिद कपूर को शादी की 9वीं सालगिरह पर मिली बधाई




मुंबई. आज बॉलीवुड कपल शाहिद कपूर और मीरा राजपूत के लिए एक खास दिन है, क्योंकि वे अपनी 9वीं शादी की सालगिरह मना रहे हैं। मीरा ने इस खास मौके को मनाने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों का एक प्यारा सा वीडियो मोंटाज शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने पति के लिए अपना प्यार जताया है। मीरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी की एक झलक दिखाने वाला एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी शुरुआती मुलाकातों से लेकर उनकी शादी के दिन तक की कई अनदेखी तस्वीरें हैं। प्यार भरा संदेश मीरा ने इंस्टाग्राम पर शाहिद के लिए एक प्यारा सा संदेश पोस्ट किया है, जिसमें उनकी शादी की overlooked तस्वीरें, छुट्टियों की तस्वीरें और साथ में बिताए गए उनके खुशनुमा पल शामिल हैं। एक तस्वीर में, परिवार बीच पर आराम कर रहा है, उनके साथ उनके बच्चे ज़ैन और मीशा भी हैं। दूसरे वीडियो में मीरा ने अपना फोन हाथ में लिया हुआ है, जिसमें वे ड्राइव का आनंद लेते हुए शाहिद को रिकॉर्ड कर रहे हैं। इसके अलावा, एक और क्लिप में, वे एक साथ बैठे हुए हैं, अपने फोन पर कुछ देख रहे हैं, मीरा आराम से अपना सिर शाहिद के कंधे पर टिकाए हुए हैं। वीडियो post करते हुए उन्होंने लिखा, 'तुम ही हो जो मैं... (दिल इमोजी) हैप्पी 9, मेरे जीवन का प्यार @shahidkapoor (चुंबन इमोजी)'। उन्होंने बैकग्राउंड में गाना, यू आर स्टिल द वन भी शामिल किया। नीतू कपूर और रकुल प्रीत सिंह सहित उनके इंस्टा फ़ैमिली ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्यार जताया और जोड़े को उनकी सालगिरह की शुभकामनाएँ दीं। जोड़े के बारे में और जानकारी शाहिद कपूर ने 2015 में मीरा राजपूत के साथ शादी के बंधन में बंधे। इस जोड़े ने 2016 में अपनी पहली संतान, एक बच्ची का स्वागत किया और उसका नाम मीशा रखा। इसके बाद उन्होंने 2018 में दूसरी बार माता-पिता बनने का गौरव प्राप्त किया, जब उन्होंने ज़ैन को अपने जीवन में शामिल किया। वे अपने सोशल मीडिया पोस्ट और सार्वजनिक रूप से दिखाई देने के ज़रिए प्रमुख युगल लक्ष्य देते रहते हैं। काम के मोर्चे पर, शाहिद को आखिरी बार तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था।

## 'गली गैंग स्टार्स' 26 जुलाई को रिलीज़ के लिए तैयार



मुंबई : 'क्लू' और 'मांची कॉफ़ी लांती कढ़ा' जैसी शॉर्ट फ़िल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर संजय श्री राज, आगामी फ़िल्म 'गली गैंग स्टार्स' में मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ प्रिया श्रीनिवास हैं। ABD प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फ़िल्म कंपनी के पिछले प्रयोगात्मक उद्यम 'मई 16' का अनुसरण करती है और मुख्यधारा के नाट्य रिलीज़ में उनके कदम को चिह्नित करती है। 'गली गैंग स्टार्स' का साउंडट्रैक पहले से ही ऐप्पल म्यूज़िक, स्पॉटिफ़ाई, अमेज़ॅन म्यूज़िक, रिसो प्लेयर, हंगामा, जियोसावन, गाना और यूट्यूब म्यूज़िक जैसे प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध है। फ़िल्म के गाने 'भोलो शंकरा' को श्रोताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। फ़िल्म के निर्माण में imporent भूमिका निभाने वाले निर्देशक धर्मा ने कहा, 'हमने नेल्लोर में 'गली गैंग स्टार्स' की शूटिंग की। फ़िल्म गली में रहने वाले अनाथ बच्चों के संघर्ष को दर्शाती है।' धर्मा की भागीदारी सिनेमैटोग्राफी, संपादन, निर्देशन पर्यवेक्षण और डीआई तक फैली हुई है, जो परियोजना में उनके बहुमुखी योगदान को प्रदर्शित करती है। फ़िल्म के निर्देशक वेंकटेश कोंडीपोगु ने कहानी भी लिखी है। निर्माता डॉ. अरवेती यशोवर्धन ने खुलासा किया कि फ़िल्म चार अनाथ बच्चों के मुख्य किरदारों के साथ एक अपराध परिदृश्य के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने विश्वास जताया कि 'गली गैंग स्टार्स' दर्शकों को पसंद आएगी और कम बजट के बावजूद इसकी सार्वभौमिक अपील को उजागर करेगी। निर्देशक और निर्माता दोनों ही फिल्म के स्वागत को लेकर आशावादी हैं, उन्हें उम्मीद है कि उनकी कड़ी मेहनत को अच्छी तरह से स्वीकार किया जाएगा। 'गली गैंग स्टार्स' 26 जुलाई को एक भव्य नाट्य रिलीज के लिए निर्धारित है, जो भारतीय फिल्म परिदृश्य में एक उल्लेखनीय जोड़ होने का वादा करती है।

## जावेद अख्तर ने दिया वंशवाद के खिलाफ मजबूत उत्तर



वंशवाद के खिलाफ मजबूत उत्तर, पांच दशक से अधिक लंबे करियर वाले मनोरंजन उद्योग के दिग्गज जावेद अख्तर अपने बेबाक स्वभाव और मजबूत राय के लिए जाने जाते हैं। अनुभवी गीतकार, जो अपनी बात कहने से कभी नहीं कतराते, ने हाल ही में ट्विटर पर अपने अटल रुख का प्रदर्शन किया। जब एक ट्रोल ने उन्हें उत्तेजक रूप से 'गद्दार का बेटा' कहा, तो अख्तर ने एक शक्तिशाली प्रतिक्रिया के साथ यह साबित कर दिया कि वह हमेशा अपने लिए खड़े रहेंगे। यह सब जावेद अख्तर के एक सामान्य से दिखने वाले ट्वीट से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने गर्व से खुद को 'मेरी आखिरी सांस तक' भारतीय नागरिक घोषित किया।

# विविध

## क्या 1.5 डिग्री से कम वृद्धि का लक्ष्य संभव है?



दुबई में चल रहे जलवायु सम्मेलन (कॉप-28) के संदर्भ में महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या हम पेरिस समझौते (2015) के लक्ष्य की दिशा में कारगर प्रगति कर रहे हैं। पेरिस समझौते में पृथ्वी के औसत तापमान में वृद्धि को औद्योगिक-पूर्व तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने का लक्ष्य रखा गया था। यह सम्मेलन इस प्रगति का मूल्यांकन करने का औपचारिक अवसर है। वैसे तो विभिन्न सरकारें निवेश में वृद्धि एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत अपनाने के साथ जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयास कर रही हैं, लेकिन ये प्रयास काफी धीमी गति से हो रहे हैं। अब तक की प्रगति पर एक नज़र डालते हैं और देखते हैं कि पेरिस समझौते के सपने को जीवित रखने के लिए क्या करना होगा। स्थिति काफी गंभीर है। पिछले एक दशक में ग्लोबल वार्मिंग की गति तेज़ हुई है। वर्ष 2022 में औसत तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.3 डिग्री अधिक रहा था और एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2023 में औसत तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.4 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहेगा। यह स्थिति एक दशक से भी कम समय में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का संकेत देती है। इसके अलावा उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में चल रहे एल-नीनो प्रभाव वगैरह कम समय में तापमान पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। जलवायु मॉडलों का अनुमान है कि 2100 तक तापमान में औद्योगिक-पूर्व स्तर से 2.4-2.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर तत्काल अंकुश लगाने की आवश्यकता स्पष्ट है। काफी लंबे समय से विशेषज्ञ जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के मुद्दों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने पर ज़ोर देते रहे हैं। तीन दशक पहले, 1992 में वैश्विक नेताओं ने तेज़ी से बदल रही जलवायु को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी। लेकिन हालिया रुझानों से पता चलता है कि उत्सर्जन की मौजूदा दर पांच वर्षों के भीतर वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ा देगी। तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की 50 प्रतिशत संभावना बनाए रखने के लिए 2034 तक उत्सर्जन में सालाना 8 प्रतिशत की कमी करनी होगी, जो कि कठिन लगती है। तुलना के लिए, 2020 में महामारी के दौरान उत्सर्जन में मात्र 7 प्रतिशत की कमी देखी गई थी जब कामकाज लगभग ठप था। उत्सर्जन को लेकर इस तरह की ढिलाई को देखते हुए 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार करने से बचने के लिए विशेषज्ञ वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड को हटाने की वकालत करते हैं।

## कौवे मनुष्यों के समान गिनती करते हैं



वैसे तो पहले भी कुछ अध्ययनों में देखा जा चुका है कि कौवों में संख्या ताड़ने की क्षमता होती है। जैसे यदि उनके सामने कई डिब्बे रखकर मात्र 6 डिब्बों में खाने की चीज़ें रखी जाएं तो वे मात्र 6 डिब्बों को पलटाने के बाद रुक जाते हैं। या यदि कौवे किसी बगीचे में हैं और कुछ मनुष्य वहां घुसें तो वे छिप जाते हैं। और तब तक छिपे रहते हैं जब तक कि सारे मनुष्य निकल न जाएं। ऐसा देखा गया था कि वे यह 'गिनती' 16 तक कर पाते हैं। इसी प्रकार से एक प्रयोग में यह भी देखा गया था कि यदि किसी स्क्रीन पर कुछ बिंदु अंकित हों तो वे ताड़ सकते हैं कि दो समूहों में बिंदुओं की संख्या बराबर है या नहीं। और अब जर्मनी के टुबिंजेन विश्वविद्यालय के जंतु वैज्ञानिक एंड्रियास नीडर और उनके साथियों ने इसमें एक नया आयाम जोड़ा है।

साइन्स पत्रिका में प्रकाशित अपने शोधपत्र में इस टीम ने बताया है कि कौवों की यह क्षमता मनुष्यों में संख्या कौशल के विकास को समझने में सहायक हो सकती है। जर्मनी के शोधकर्ताओं ने तीन कैरियन कौवों के साथ काम किया। इन कौवों को आदेशानुसार कांव करने का प्रशिक्षण दिया जा चुका था। इसके बाद अगले कुछ महीनों तक इन्हें यह सिखाया गया कि स्क्रीन पर 1, 2, 3 या 4 के दृश्य संकेत दिखने पर उन्हें उतनी ही संख्या में कांव करना है। उन्हें ऐसे श्रव्य संकेतों से भी परिचित कराया गया जो एक-एक अंक से जुड़े थे।

प्रयोग के दौरान ये कौवे स्क्रीन के सामने खड़े होते थे और उन्हें दृश्य या श्रव्य संकेत दिया जाता था। उनसे अपेक्षा की जाती थी कि वे उस संकेत से मेल खाती संख्या में कांव करेंगे और यह काम पूरा करने के बाद वे 'एंटर कुंजी' पर चोंच मारेंगे। यदि वे सही करते तो उन्हें पुरस्कार स्वरूप लजीज़ व्यंजन दिया जाता। कौवे अधिकांश बारी सही रहे। कम से कम उनके प्रदर्शन को मात्र संयोग का परिणाम तो नहीं कहा जा सकता।

## कुछ पेंगुइन दिन में 11 घंटे सोते हैं लेकिन...



किसी उबाऊ व्याख्यान या मीटिंग में बैठे-बैठे झपकी लग जाना कोई असामान्य बात नहीं है। अलबत्ता, वाहन चलाते वक्त झपकी लगना हमारी जान के लिए खतरा साबित हो सकता है। लेकिन साइंस पत्रिका में प्रकाशित हालिया अध्ययन बताता है कि अंटार्कटिका की चिनस्ट्रैप पेंगुइन को महज 4-4 सेकंड की झपकियों वाली नींद जीवित रहने में मदद करती है। सोचें तो लगता है कि इतनी छोटी झपकियों से वे कितना ही सो पाते होंगे? लेकिन इन छोटी-छोटी झपकियों से वे दिन भर में पूरे 11 घंटे सो लेते हैं। इस तरह थोड़ा सोना, थोड़ा जागना उन्हें अपने अंडों और चूज़ों की पहरेदारी करने और आराम करने दोनों में मदद करता है। दरअसल कोरिया पोलर रिसर्च इंस्टीट्यूट के व्यवहार पारिस्थितिकी विज्ञानी वोन यंग ली ने 2014 में पहली बार पेंगुइन को इस तरह झपकियां लेते हुए देखा था - बस सोए और जाग गए, फिर सोए और जाग गए, फिर सोए... ऐसा ही चल रहा था। उन्हें यह तो मालूम था कि कृत्रिम आवासों में पेंगुइन की कई प्रजातियां अक्सर लंबी नींद की बजाय छोटी-छोटी नींद लेती हैं। लेकिन प्रकृति में वे कैसा व्यवहार करते हैं। लंबी नींद की अपेक्षा क्षणिक झपकियां उन्हें क्या फायदा पहुंचाती हैं। इसे समझने के लिए ली और उनके साथियों ने अंटार्कटिका के किंग जॉर्ज द्वीप की चिनस्ट्रैप पेंगुइन की एक कॉलोनी का अध्ययन किया। उस समय यह इलाका शोरगुल वाला, बदबूदार और भीड़भाड़ वाला था, और पेंगुइन अभिभावक लगातार शिकारी समुद्री पक्षियों और अन्य पेंगुइनों से अपने अंडों और चूज़ों की रक्षा में व्यस्त थे। शोधकर्ताओं ने पेंगुइन की मस्तिष्क और मांसपेशियों की गतिविधि एवं शरीर की स्थिति देखने के लिए 14 पेंगुइन पर डैटा लॉगर और एक्सेलेरोमीटर लगाए।



## जलवायु परिवर्तन हवाई यात्रा को मुश्किल बना रहा है

पिछले दिनों सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान के वायु विक्षोभ (टर्बुलेंस) की गिरफ्त में आने और 1800 मीटर तक गिरते चले जाने की घटना काफी चर्चा में रही। इसने हवाई यात्रियों में चिंता (और दहशत) भर दी। साथ ही, इसमें जलवायु परिवर्तन की भूमिका की संभावना होने की बात भी सामने आई है। गौरतलब है कि हवाई जहाज़ों का विक्षोभ का सामना करना एक आम घटना है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। हवाई अड्डों के नज़दीक तेज़ हवाएं टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान विमानों को थरथरा सकती हैं। ऊंचाई पर, तूफानी बादलों के बीच या उनके नज़दीक से गुज़रते समय विमानों को विक्षोभ का सामना करना पड़ सकता है। इन स्थानों पर तेज़ी से ऊपर और नीचे जाती हवाएं अस्थिरता पैदा करती हैं। इसके अतिरिक्त, पर्वत श्रृंखलाओं के ऊपर से गुज़रने वाले विमानों को पहाड़ों से उठने वाली हवाएं ऊपर धकेल सकती हैं। इसके अलावा पूरी धरती के इर्द-गिर्द मंडराने वाली शक्तिशाली पवन धाराओं (जेट स्ट्रीम) के सिरों पर हवाई जहाज़ विक्षोभ में फंस सकते हैं। हो सकता है कि सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान ने तूफान से सम्बंधित विक्षोभ का सामना किया हो या क्लियर-एयर विक्षोभ का सामना किया हो। क्लियर-एयर विक्षोभ बादलों के बाहर होता है और इसका पता लगाना भी कठिन होता है। रीडिंग युनिवर्सिटी के वायुमंडलीय शोधकर्ता पॉल विलियम्स का कहना है कि इस घटना के कारण का पता लगाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है। वैसे पिछले कुछ समय से इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण विक्षोभ की घटनाएं अधिक होने के साथ गंभीर भी हो रही हैं। विलियम्स और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में 1979 और 2020 के बीच उत्तरी अटलांटिक पर क्लियर-एयर विक्षोभ में 55 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वैश्विक स्तर पर भी इसी तरह की वृद्धि देखी गई है। इस वृद्धि का कारण जलवायु परिवर्तन के कारण जेट स्ट्रीम्स का प्रबल होना बताया जा रहा है। भविष्य के अनुमान और भी चिंताजनक हैं। जलवायु मॉडलों के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होगी, गंभीर विक्षोभ की घटनाएं अधिक आम हो जाएंगी। साथ ही, गंभीर विक्षोभ की आवृत्ति भी दुगुनी हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप उड़ानों के दौरान असुविधा की स्थिति लगातार और लंबे समय तक हो सकती है। अलबत्ता, इसका मतलब यह नहीं है कि हवाई यात्राएं अधिक असुरक्षित हो जाएंगी। वर्तमान में पायलट मौसम विशेषज्ञों से विक्षोभ अनुमान पता करते हैं और इस आधार पर सुरक्षित उड़ान मार्ग तय करते हैं।



# विनेश फोगट ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी शुरू की

पेरिस ओलंपिक की शानदार तैयारी के तहत, शीर्ष भारतीय पहलवान विनेश फोगट ने शनिवार को यहां स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में Women की 50 किग्रा स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ने फाइनल में मारिया तिमेरेकोवा को 10-5 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मारिया एक पूर्व रूसी पहलवान हैं, जो अब एक व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। विनेश, जिन्हें बुधवार को आखिरी समय में शेंगेन वीजा मिला था, ने बिना किसी परेशानी के तीन मुकाबले जीते और फाइनल में जगह बनाई। 29 वर्षीय पूर्व एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ने पहले क्यूबा की पैन अमेरिकन चैंपियन युस्नेलिस गुज़मैन को अंकों के आधार पर 12-4 से हराया। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स के खिलाफ जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में, विनेश ने एक अन्य कनाडाई केटी डचक को अंकों के आधार पर 9-4 से हराया। स्पेन में प्रशिक्षण-सह-प्रतियोगिता के बाद, विनेश पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 20 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए फ्रांस जाएंगी। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की चैंपियन विनेश फोगट ने एशियाई ओलंपिक Qualifiers में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लॉरा गनीकीजी को 10-0 से हराकर ओलंपिक कोटा हासिल किया। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की चैंपियन फोगट ने कजाख पहलवान पर तकनीकी श्रेष्ठता की बदौलत 4:18 मिनट में मुकाबला जीत लिया। अब उनका सामना उज्बेकिस्तान की अक्तेंगे केयुनिमजाएवा से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे की मेंग ह्सुआन हसीह को 4-2 से हराया। विनेश पिछले दो साल से एक्शन से बाहर थीं और पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृज भूषण सरन सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थीं।

# अभिषेक शर्मा के शतक के बाद गेंदबाजों का कमाल... जिम्बाब्वे को हराकर भारत ने बराबर की सीरीज

**शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इस समय जिम्बाब्वे दौरे पर है. यहां दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने शानदार अंदाज में जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ही सीरीज 1-1 बराबरी पर आ गई है.**




**हरारः** जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम ने धांसू प्रदर्शन करते हुए दूसरा टी20 मुकाबला 100 रनों से अपने नाम कर लिया है. जबकि पहले मैच में जिम्बाब्वे ने 13 रनों से जीत दर्ज की थी. इस तरह अब भारतीय टीम और जिम्बाब्वे के बीच 5 मैचों की यह टी20 सीरीज 1-1 बराबरी पर आ गई है. दूसरे मुकाबले के हीरो स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने 47 गेंदों पर 100 रनों की शतकीय पारी खेली. इसके बदौलत भारतीय टीम ने 235 रनों का टारगेट दिया. जवाब में जिम्बाब्वे टीम 134 रन बनाकर ढेर हो गई. इस तरह जिम्बाब्वे 100 रनों से हार गई, जो अभिषेक के स्कोर के बराबर ही रहा. जिम्बाब्वे के लिए वेस्ली मधेवेरे ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए. जबकि ब्रायन बेनेट ने 9 गेंदों पर 26 रन बनाए. आखिर में ल्यूक जोंगवे ने 33 रन बनाए. हालांकि कोई भी मैच नहीं जिता सका. बल्लेबाजों के बाद भारतीय गेंदबाजों ने जमकर कहर बरपाया और जिम्बाब्वे को ढेर कर दिया. भारत के लिए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आवेश खान ने 3-3 विकेट अपने नाम किए. जबकि मुकाबले में स्पिनर्स का भी जलवा दिखा. रवि बिश्नोई ने 2 विकेट झटके. उनके अलावा वॉशिंगटन सुंदर को 1 सफलता मिली. मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए दो विकेट पर 234 रन बनाए. भारतीय टीम के लिए बाएं हाथ के ओपनर अभिषेक शर्मा ने तूफानी शतक जड़ा. अपना दूसरा मैच खेल रहे अभिषेक ने 47 गेंदों पर 100 रनों की पारी खेली., जिसमें सात चौके और आठ छक्के शामिल रहे. अभिषेक ने वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा के खिलाफ लगातार तीन छक्के लगाकर अपना शतक पूरा किया. हालांकि वह वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा की अगली ही गेंद पर आउट हो गए. अभिषेक के अलावा ऋतुराज गायकवाड़ और रिंकू सिंह ने भी तूफानी पारियां खेलीं. ऋतुराज ने 47 बॉल पर नाबाद 77 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और एक सिक्स शामिल रहा. वहीं रिंकू ने 22 गेंदों पर नाबाद 48 रन बनाए. रिंकू की पारी में पांच छक्के और दो चौके शामिल थे. ऋतुराज-रिंकू के बीच तीसरे विकेट के लिए 36 गेंदों पर नाबाद 87 रनों की पार्टनरशिप हुई. कप्तान शुभमन गिल ने इस मैच में भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में एक बड़ा बदलाव किया.

# कोपा अमेरिका में बाहर होने के बाद ब्राजील को करना पड़ा संघर्ष



**लंदन**। ब्राज़ील के लिए एक और बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आया और एक और बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट ब्राज़ील के लिए निराशा में समाप्त हुआ क्योंकि क्वार्टरफ़ाइनल में पेनल्टी पर उरुग्वे से दिल तोड़ने वाली हार के साथ वे कोपा अमेरिका 2024 से बाहर हो गए।टूर्नामेंट में प्रवेश करते समय ब्राज़ील पर बहुत दबाव था और टीम पर बहुत सारे सवालिया निशान थे क्योंकि टीम लंबे समय से किसी बड़े टूर्नामेंट में प्रभावशाली नहीं रही थी। लेकिन ब्राज़ील के खिलाड़ियों को भरोसा था कि आलोचना के बावजूद वे आखिरकार पसंदीदा के टैग पर खरे उतरेंगे और कोपा अमेरिका 2024 जीतेंगे।हालाँकि, ऐसा नहीं होना था क्योंकि कोपा अमेरिका 2021, फीफा विश्व कप 2022 की तरह, ब्राज़ील कोपा अमेरिका 2024 में भी प्रभाव छोड़ने में विफल रहा। पेनल्टी पर एक और दिल तोड़ने वाली हार के बाद, रियल मैड्रिड और ब्राज़ील के वंडरकिड ने स्वीकार किया कि टीम को यह मुश्किल लगा।ब्राज़ील रियल मैड्रिड के सुपरस्टार विनीसियस जूनियर के बिना था, जिन्हें खेल के लिए निलंबित कर दिया गया था। खेल गोल रहित ड्रॉ में समाप्त हुआ और ब्राज़ील पेनल्टी पर 4-2 से बाहर हो गया।ब्राजील के बाहर होने के बाद, रियल मैड्रिड के नवीनतम आक्रामक खिलाड़ी और ब्राजील के अद्भुत खिलाड़ी एंड्रिक ने हार पर बात की और स्वीकार किया कि इस स्तर पर हार को स्वीकार करना कठिन था।

# विश्व की नंबर 1 इगा स्वियाटेक विंबलडन से हो गईं बाहर

विंबलडन : विश्व की नंबर 1 वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक 6 जुलाई को तीसरे दौर के competition में 35वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से बुरी तरह हारने के बाद विंबलडन से बाहर हो गईं। स्वियाटेक ने पहला सेट जीतकर शुरुआत की, लेकिन अंततः मैच 6-3,1-6,2-6 से हार गईं।विंबलडन 2024: दुनिया की नंबर 1 इगा स्वेटेक शनिवार को तीसरे दौर के मैच में यूलिया पुतिनत्सेवा से अपमानजनक हार के बाद चल रहे ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गईं। स्वेटेक ने शांत रहकर मैच खेलना शुरू किया और पहला सेट भी जीता, लेकिन फिर पुतिनत्सेवा ने वापसी की और आखिरकार मैच 3-6, 6-1, 6-2 से जीत लिया। स्वेटेक ने आखिरी सेट में वापसी करने की कोशिश की, लेकिन पुतिनत्सेवा की एथलेटिकिज्म और बॉडी-ओरिएंटेड सर्व ने इगा को कड़ी टक्कर दी। यह पहली बार था जब पुतिनत्सेवा विंबलडन के तीसरे दौर में खेली और पहला सेट हारने के बाद बिल्कुलdiffrent दिखी, लेकिन फिर शानदार वापसी की। वह मैच में



अंडरडॉग के रूप में उतरी और मुझे मिले समर्थन से यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। लेकिन फिर चीजें बदलने लगीं जब पुतिनत्सेवा ने दूसरे सेट में दबदबा बनाया, जिसे उसने 6-1 से जीत लिया।स्विएटेक ने एक बार फिर अपना संयम बनाए रखते हुए तीसरे सेट की शुरुआत की, लेकिन तब तक पुतिनत्सेवा का आत्मविश्वास आसमान छू चुका था। उन्होंने सेट में शानदार वापसी की और अंत तक स्विएटेक कजाकिस्तान की पुतिनत्सेवा को कड़ी चुनौती नहीं दे सकीं। शनिवार को लगातार दूसरा फाइनल हारने के बाद ओन्स जबूर रोते हुए सेंटर कोर्ट से बाहर आने के बाद इसे विंबलडन 2024 के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक माना जा सकता है।

# टोनी क्रूस ने कहा अलविदा! रिटायरमेंट पर फुटबॉल को लिखा एक प्रेम पत्र

लंदन। खेल खेलने वाले सबसे महान मिडफील्डर्स में से एक माने जाने वाले टोनी क्रूस ने फुटबॉल को अलविदा कह दिया है। जर्मनी के स्पेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में यूरो 2024 से बाहर होने के बाद उन्होंने फुटबॉल को अलविदा कह दिया है। टोनी क्रूस ने घोषणा की थी कि वह यूरो 2024 के समापन के बाद फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे और अपने अंतिम हुर्रे में अपने करियर की एकमात्र ट्रॉफी जीतने की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन जर्मनी के दिल तोड़ने वाले अंदाज में बाहर होने के साथ ही टोनी क्रूस के करियर पर से पर्दा उठ गया। जैसे ही वह खेल से संन्यास लेते हैं और फुटबॉल के इतिहास की परछाइयों में गायब हो जाते हैं, टोनी क्रूस ने फुटबॉल को एक भावनात्मक प्रेम पत्र लिखकर इस खूबसूरत खेल को अलविदा कह दिया। टोनी क्रूस के आधिकारिक रूप से रिटायर होने के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर फुटबॉल को एक प्रेम पत्र साझा किया। उन्होंने अपने प्रशंसकों और परिवार को उनके 17 साल के फुटबॉल सफर में अपार समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। "तो बस इतना ही। लेकिन इससे पहले कि मैं



एक ब्रेक लूं और कम से कम यह समझने की कोशिश करूं कि पिछले 17 सालों में क्या हुआ, मैं उन सभी को धन्यवाद कहने का मौका नहीं गंवाना चाहता, जिन्होंने मुझे वैसे ही और वैसे ही स्वीकार किया, जैसा मैं हूं। दुनिया भर में मेरे सभी प्रशंसकों को उनके बिना शर्त समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझ पर विश्वास करने के लिए मेरे सभी क्लबों और कोचों को धन्यवाद। मुझे हर समय स्वागत का एहसास कराने के लिए मेरे सभी साथियों को धन्यवाद", टोनी क्रूस ने लिखा। टोनी क्रूस अपने करियर के दौरान अपने दोस्तों और परिवार के प्रति आभारी रहे, जिन्होंने उन्हें शांत रखा।

'मेरे दोस्तों का शुक्रिया, जिन्होंने हमेशा मेरे साथ ईमानदारी बरती, चाहे मैं कितना भी सफल क्यों न हो जाऊं। मेरे एजेंट्स का शुक्रिया, जो मेरे दोस्त बन गए। मेरे सपने को साकार करने के लिए बेहतरीन तैयारी के लिए मेरे माता-पिता का शुक्रिया। मेरे भाई फेलिक्स क्रूस का शुक्रिया, जो हमेशा मेरे नंबर वन प्रशंसक रहे। मेरे बच्चों का शुक्रिया, जो मुझे सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रहे - अपने बच्चों को डैडी पर गर्व करते देखना इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। मेरी खूबसूरत पत्नी जेसिका क्रूस का शुक्रिया, जो आप जैसी हैं। कभी मत बदलो। यह सफलता आपके बिना संभव नहीं होती। यह हमारी है!, टोनी क्रूस ने लिखा। 'और अंत मेंः फुटबॉल का शुक्रिया! आपका खूबसूरत खेल। और... आपका स्वागत है! ओवर एंड आउट,' टोनी क्रूस ने निष्कर्ष निकाला। टोनी क्रूस ने 1 फीफा विश्व कप, 6 चैंपियंस लीग, 3 बुंडेसलीगा, 4 ला लीगा, 5 यूईएफए सुपर कप, 3 जर्मन कप, 1 कोपा डेल रे, 4 स्पेनिश सुपर कप, 1 जर्मन सुपर कप जीतने के बाद फुटबॉल से संन्यास ले लिया।

## व्यापार

# पेटीएम मेरे लिए एक बेटी की तरह थी जो एक दुर्घटना में घायल हो गई थी

नई दिल्ली : पेटीएम के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने कहा है कि कंपनी उनकी बेटी की तरह है, जो स्कूल में टॉपर थी और प्रवेश परीक्षा देने जाते समय दुर्घटना का शिकार हो गई। सातवें जेआईटीओ इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फंड (जेआईआईएफ) स्थापना दिवस पर बोलते हुए शर्मा ने कहा, 'एक संस्थापक के रूप में मेरी कंपनी मेरी बेटी की तरह है... एक कंपनी के रूप में हम परिपक्व हो रहे हैं... यह ऐसा है जैसे एक बेटी जो स्कूल में टॉपर है, प्रवेश परीक्षा देने जाते समय दुर्घटना का शिकार हो जाती है... यह एक ऐसा एहसास है जो थोड़ा व्यक्तिगत, भावनात्मक होता है।' इस कार्यक्रम में उन्होंने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कार्रवाई से मिली सीख के बारे में भी बताया। सीईओ ने माना कि यह झटका व्यक्तिगत स्तर पर भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था, लेकिन यह पेशेवर रूप से जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए एक मूल्यवान सबक के रूप में काम आया। इसके अलावा, शर्मा ने अपने सपनों और महत्वाकांक्षाओं तथा अपने उतार-चढ़ाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि उनकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा 100 अरब डॉलर की कंपनी बनाने की है। उन्होंने




कहा कि वह चाहते हैं कि पेटीएम को वैश्विक स्तर पर एक भारतीय कंपनी के रूप में मान्यता मिले। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि किसी कंपनी को सूचीबद्ध करने से "बहुत अधिक जिम्मेदारी और परिपक्वता" आती है, जिसका अपना मूल्य और आनंद होता है। इस बीच, पेटीएम ने अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) कारोबार में सुधार और मजबूत स्थिरता के शुरुआती संकेत देखे हैं, जो कंपनी के लिए एक मजबूत बदलाव का संकेत है। पेटीएम प्लेटफॉर्म पर संसाधित यूपीआई लेनदेन का कुल मूल्य मई में बढ़कर 1.24 ट्रिलियन रुपये हो गया, जिसका श्रेय कंपनी को जाता है, जिसने उपयोगकर्ताओं के लिए यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड जैसी कई पहल शुरू कीं, साथ ही यूपीआई लाइट पर भी जोर दिया।



# सैमसंग गैलेक्सी रिंग की लॉन्चिंग के दौरान कीमत हो सकती है €449

सैमसंग गैलेक्सी रिंग का खुलासा इस साल की शुरुआत में हुआ था और हमें अगले हफ़्ते अनपैक्ड इवेंट के दौरान इसकी अंतिम जानकारी मिलेगी। सैमसंग के अनपैक्ड इवेंट से पहले आई एक नई रिपोर्ट में गैलेक्सी रिंग की कीमत के बारे में कुछ जानकारी दी गई है। गैलेक्सी रिंग की कीमत उन लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है जो डिवाइस को लॉन्च होने के बाद खरीदने में रुचि रखते हैं। हालाँकि, उपयोगकर्ताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि स्मार्ट रिंग फिटनेस मॉनिटरिंग डिवाइस का विकल्प नहीं हैं। मई में गैलेक्सी रिंग की कीमत 300 डॉलर से ज़्यादा होने की उम्मीद थी। सब्सक्रिप्शन की संभावना के बारे में भी अफ़वाहें थीं। अब डीलैब्स ने गैलेक्सी रिंग की संभावित कीमत के बारे में जानकारी दी है। ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग गैलेक्सी रिंग की कीमत फ्रांस में €449 से शुरू होगी। यह रिंग 19 जुलाई से 3 अलग-अलग रंगों में 13 अलग-अलग साइज़ में ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इसका मतलब है कि अमेरिका में, रिंग की कीमत लगभग $500 हो सकती है। गैलेक्सी वॉच 6 क्लासिक (47mm) की कीमत की तुलना करें तो हम पाएंगे कि फ्रांस में इसकी कीमत €449 है लेकिन अमेरिकी बाज़ार में इसकी कीमत $429 है। वैसे सैमसंग की ओर से रिंग के लिए सब्सक्रिप्शन और इसके पीछे के शुल्क के बारे में कोई संकेत नहीं दिया गया है। गैलेक्सी रिंग का पूरी तरह से अनावरण 10 जुलाई को अनपैक्ड इवेंट में किया जाएगा। स्मार्ट रिंग एकमात्र डिवाइस नहीं होगी जिसे इवेंट में लॉन्च किया जाएगा। सैमसंग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर गैलेक्सी जेड फोल्ड 6, फ्लिप 6 के लिए आरक्षण पहले ही खोल दिया है।

# Ola ने गूगल मैप्स से अपना कारोबार समेट लिया




ओला ग्रुप के सह-संस्थापक और चेयरमैन भाविश अग्रवाल ने एक्स पर कहा कि पिछले महीने एज़्योर से बाहर निकलने के बाद, कंपनी अब गूगल मैप्स से पूरी तरह बाहर निकल गई है। उन्होंने कहा कि कंपनी पहले इस पर सालाना 100 करोड़ रुपये खर्च करती थी और अब पूरी तरह से अपने इन-हाउस ओला मैप्स पर जाकर इसे शून्य कर दिया है। उन्होंने Users उपयोगकर्ताओं से अपने ओला ऐप की जांच करने और ज़रूरत पड़ने पर अपडेट करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट व्यू, इनडोर इमेज, एनईआरएफ, ड्रोन मैप, 3डी मैप आदि जैसे कई फीचर जल्द ही आने वाले हैं।यह घोषणा ओला ग्रुप द्वारा माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर से नाता तोड़ने के बाद अपने पूरे कार्यभार को अपनी इन-हाउस एआई फर्म क्रुट्रिम में स्थानांतरित करने के तीन महीने बाद की गई है। मई में, अग्रवाल ने एक्स पर पोस्ट किया था कि कंपनी एज़्योर से नाता तोड़ रही है और एक सप्ताह के भीतर अपना पूरा कार्यभार क्रुट्रिम में स्थानांतरित कर देगी। क्रुट्रिम एआई के लॉन्च के दौरान, कंपनी ने कहा कि इसमें क्लाउड सेवाएं और मैपिंग समाधान भी होंगे।बाद में अग्रवाल ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि क्रुतिम क्लाउड पर और भी उत्पाद अपडेट आने वाले हैं। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साप्ताहिक उत्पाद घोषणा थ्रेड शुरू करने की योजना बना रहे हैं।ओला मैप्स एआई कंप्यूट के अलावा लोकेशन इंटेलिजेंस सेवाएं देने का भी इरादा रखता है।अक्टूबर 2021 में ओला ने भू-स्थानिक सेवाओं के पुणे स्थित प्रदाता जियोसोक का अधिग्रहण किया है।

# इंफोसिस में नौकरी के लिए आवेदन की संख्या पहले के स्तर पर पहुंची

इंफोसिस लिमिटेड में नौकरी के आवेदन कोविड-पूर्व स्तर पर आ गए हैं, जबकि उम्मीदवारों को दिए जाने वाले नौकरी के प्रस्ताव महामारी के स्तर से नीचे आ गए हैं। विशेषज्ञ इस घटना के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनियों द्वारा कम भर्ती आवश्यकताओं, महामारी के दौरान बल्क हायरिंग की लत और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के आकर्षण को जिम्मेदार मानते हैं। Infosys इंफोसिस में आवेदनों और




नौकरियों की संख्या में गिरावट से यह सवाल उठता है कि क्या बेंगलुरु स्थित सॉफ्टवेयर आउटसोर्सिंग कंपनी अभी भी बड़ी आईटी सेवा फर्मों में नौकरी चाहने वालों के लिए पसंदीदा नियोक्ता है।कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष तक इंफोसिस को 2.44 मिलियन आवेदन प्राप्त हुए। यह आंकड़ा कोविड-पूर्व समय के करीब है जब इंफोसिस को मार्च 2019 के अंत तक 2.33 मिलियन आवेदन प्राप्त हुए थे।आवेदनों की संख्या कोविड-पूर्व समय के समान होने के बावजूद, पिछले साल कोविड-पूर्व समय की तुलना में नौकरियों की पेशकश की संख्या बहुत कम थी।पिछले साल इंफोसिस ने 26,975 नौकरियों की पेशकश की थी, जबकि मार्च 2019 को समाप्त वर्ष में इसने 94,324 नौकरियों की पेशकश की थी।यह भी पढ़ेंः 7% की वृद्धि के बावजूद भारत में पर्याप्त नौकरियां नहीं होंगीः रिपोर्टपिछले साल प्राप्त आवेदनों की संख्या पिछले दो वर्षों यानी FY23 और FY22 में प्राप्त आवेदनों के आधे से भी कम है। प्राप्त आवेदनों में यह कमी लगातार दो वर्षों तक बड़े पैमाने पर भर्ती और कंपनी को पाँच मिलियन से अधिक आवेदन प्राप्त होने के बाद आई है। भारत की शीर्ष चार आईटी सेवा कंपनियों में इंफोसिस एकमात्र ऐसी कंपनी है जो प्राप्त आवेदनों और दिए गए प्रस्तावों का खुलासा करती है। इसमें सहायक कंपनियाँ शामिल नहीं हैं। हम उतनी भर्ती नहीं कर रहे थे, इसलिए आवेदन कम थे। कोविड के दौरान, भर्ती बल्क में हुई थी, लेकिन अभी, सेक्टर हिल गया है और बहुत सी चीजें रुकी हुई हैं,' उन्होंने कहा, उन्होंने कहा कि आईटी सेवा फर्मों में भर्ती प्रक्रिया समान थी। एक विश्लेषक ने कहा कि कम आवेदन प्राप्त होने का कारण युवा आवेदकों का आईटी सेवा कंपनियों में नौकरी पाना नहीं है। 'परंपरागत भारतीय आईटी सेवा फ़र्मों को कई महत्वाकांक्षी युवा स्नातकों के लिए रोमांचक करियर ट्रैक के रूप में नहीं देखा जा रहा है। अधिकांश नए स्नातक महत्वाकांक्षी हैं, और जीसीसी और स्टार्टअप अधिक चुनौतीपूर्ण काम, अधिक पैसा प्रदान कर रहे हैं, और काम करने के लिए अधिक रोमांचक स्थान हैं,' आउटसोर्सिंग रिसर्च फ़र्म, यूएस-आधारित एचएफएस रिसर्च के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फिल फ़र्शट ने कहा।

## जिले में अब तक 118.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 01 जून से 06 जुलाई तक 118.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 229 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 61.4 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 84.1 मिमी, तहसील धमधा में 65.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 102.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 167.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 06 जुलाई को तहसील दुर्ग में 2.8 मिमी, तहसील धमधा में 1.2 मिमी एवं तहसील भिलाई 3 में 7.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## नवापारा में भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने मनाई पंडित श्यामाप्रसाद की जयंती, किया पौधारोपण



**नवापारा राजिम।** स्थानीय नवापारा भाजपा मंडल द्वारा 6 जुलाई को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई. जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया । इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष उमेश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक देश में एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के पक्षधर रहे डॉक्टर मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से 6 जुलाई को उनकी जयंती तक पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर और माताओं के सम्मान में, एक पेड़ मां के नामअभियान की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत देशभर में भाजपाइयों द्वारा पौधारोपण किया गया । इसी के तहत भाजपा मंडल नवापारा में भी पौधारोपण किया गया है । कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री नवल साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र सोनी, कैलाश तिवारी, धीरज साहू, सौरभ सिंटू जैन, पंकज देवांगन, उमा कंसारी, प्रभा बांसवार, किरण सोनी, मानकी साहू , कल्याणी साहू सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिम्स में किया गया सुविधाओं का विस्तार



**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा आज सिम्स में मरीजों की सुविधा के लिए बनाए गए बाहर बिस्तरों के आपातकालीन सेवा, अतिरिक्त ओपीडी कक्ष और उद्यान का लोकार्पण किया। इन सुविधाओं के विस्तार से मरीजों को स्वास्थ सेवाएं शीघ्रता और सुगमता से उपलब्ध हो पाएंगी। संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स में सुविधाओं का विस्तार करते हुए अतिरिक्त ओपीडी कक्ष बनाया गया है जिसकी लागत लगभग 30 लाख है। बारह बिस्तरों के आपातकालीन सुविधा का निर्माण किया गया है। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा सिम्स में इन सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। सीएमपीएचटीएफ और डीएमएफ फंड से निर्मित इस केन्द्र का निर्माण सीजीएमएसएसी द्वारा किया गया है। इसकी लागत लगभग 50 लाख है। इस सुविधा के तहत आपदा का वर्गीकरण करते हुए मरीजों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इसी के साथ सिम्स में अतिरिक्त ओपीडी कक्ष बनाए गए हैं जिससे भीड़ का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। मेडिकल रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट और ओपीडी कक्ष आस-पास होने से अब मरीजों को सुविधा होगी। सिम्स के सौंदर्यीकरण के लिए बनाये गये उद्यान का लोकार्पण भी केन्द्रीय मंत्री द्वारा किया गया। नगर निगम द्वारा निर्मित इस उद्यान की लागत 211.31 लाख है जो डीएमएफ और स्मार्ट सिटी के फंड से बनाए गए है। तोखन साहू और श्री साव ने इस अवसर पर जनऔषधि केन्द्र का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर रेड क्रॉस की अतिरिक्त शाखाएं खोलने के भी निर्देश दिए। साहू ने इस अवसर पर सिम्स प्रबंधन को बधाई देते हुए मरीजों के हित में बेहतर कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हम जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध करा सके।

## विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ का होगा अहम योगदानः साव



**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव ने न्यू सर्किट हाउस स्थित अरपा सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। उन्होंने इस अवसर पर विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में लोक निर्माण विभाग की अहम भूमिका है। विकसित भारत में छत्तीसगढ़ राज्य की अग्रणी भूमिका होगी। यह आप लोगों के मेहनत और लगन से संभव होगा। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टर, वकील के पेशे में जो भी व्यक्ति हैं वो अंतिम सांस तक सीखते ही रहते हैं क्योकि रोज-रोज नए शोध एवं कानूनों में बदलाव होते रहते हैं। उसी तरह आप लोगों के भी कार्यो में हमेशा नये-नये शोध हो रहे हैं जिससे पुल-पुलियों की मजबूत निर्माण में सहायक हो रहे है। प्रशिक्षण में विषय-विशेषज्ञों ने पुल-पुलियों के निर्माण, डिजाईन सहित अन्य बिन्दुओं पर बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने इंजीनियरों की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का भी समाधान किया।

## छात्रावास अधीक्षक ने शराब पीकर मचाया हुड़दंग, बच्चों को रात में छात्रावास से निकाला

**जशपुर।** फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंचायत डुमरिया में प्री मैट्रिक छात्रावास अधीक्षक ने शराब पीकर खूब हुड़दंगबाजी की. उन्होंने खाना खा रहे बच्चों को गंदी-गंदी गालियां देकर जमकर मारपीट करते हुए रात में छात्रावास से बाहर निकाल दिया. महज 10 से 12 साल के अध्यनरत बच्चें रात के अंधेरे में रोते हुये पैदल अपने-अपने घर चले गए. इस घटना की जानकारी मिलते ही कुछ बच्चों के अभिभावक और ग्रामीण एकत्रित हुए और उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुये कानूनी कार्यवाही के साथ ही ऐसा कृत्य करने वाले अधीक्षक के खिलाफ जमकर हंगामा मचाया.

# शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन की धुरीः साहू

### उप मुख्यमंत्री साव ने बच्चों को शिक्षा अर्जन कर बेहतर नागरिक बनने दी सीख

**बिलासपुर।** आवास व शहरी कार्य राज्य मंत्री, भारत सरकार तोखन साहू आज मल्टीपर्पज स्कूल दयालबंद में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने की। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को माला पहनाकर, तिलक लगाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन की धुरी है। समाज को बदलने का एक मात्र जरिया शिक्षा ही है। हम सब चाहते हैं कि हम आगे बढ़े और हमारा समाज भी आगे बढ़े। शिक्षा के जरिए ही यह संभव है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को देश का बेहतर नागरिक बनने और प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करने का भी आहवान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, रामदेव कुमावत, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान एवं बाल अतिथि के रूप में नन्हीं सुमन बैगा और अंशिका लालवानी मौजूद थे। प्रवेशोत्सव के इस रोचक कार्यक्रम में बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा के विकास को बढ़ावा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बच्चों को गणवेश और पाठ्यपुस्तक का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति जागरूक होता है और बेहतर नागरिक बन पाता है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने सभी बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव पर बधाई दी। उन्होंने बच्चों से नए उत्साह के साथ पढ़ाई करने कहा। साव ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी विद्यार्थी शिक्षा अर्जन कर बेहतर नागरिक बने। हम सबको मिलकर प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दिलाने में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे इतने विद्वान और होनहार बने कि छत्तीसगढ़ को पूरे देश में पहचान मिले। अतिथियों ने नवमीं कक्षा में प्रवेशित 21 छात्राओं को निःशुल्क साईकिल का वितरण किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री ने छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर अपने माता-पिता और जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कहते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साईकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।



#### न्योता भोज कार्यक्रम

शाला प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों के लिए न्योता भोज कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा की डीएमसी अनुपमा राजवाड़े ने अपनी शादी की 25वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में बच्चों को न्योता भोज दिया। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित मौजूद अतिथियों ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसा। अतिथियों ने भी बच्चों के साथ पंगत में बैठकर भोजन किया। भोजन में बच्चों को खीर, पूरी, पुलाव, मिठाई और फल परोसा गया। अपने पसंदीदा भोजन और चॉकलेट मिलने से बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# लोकसभा चुनाव में लीड के लिए नवापारा भाजपा मण्डल उमेश यादव सम्मानित



**नवापारा राजिम.** अभनपुर में आयोजित लोकसभा चुनाव की अभनपुर विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में भाजपा मंडल नवापारा के अध्यक्ष उमेश यादव को सम्मानित किया गया । श्री यादव को यह सम्मान लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को सर्वाधिक मतों की लीड दिलाने के चलते दिया गया । चुनाव में श्री अग्रवाल को भाजपा मंडल नवापारा शहर और ग्रामीण से 19 हजार से अधिक मतों की लीड मिली थी, जो अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में सर्वाधिक थी । समीक्षा बैठक में विशेष रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज और अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा अपने-अपने संबोधन में श्री यादव की प्रशंसा करते हुए उन्हें संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया । सम्मान से अभिभूत श्री यादव ने कहा कि इस सम्मान के वे अकेले हकदार नहीं हैं बल्कि भाजपा मंडल नवापारा शहर और ग्रामीण के प्रत्येक कर्मठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने भीषण गर्मी में भी दिन-रात एक करते हुए पार्टी प्रत्याशी श्री अग्रवाल के पक्ष में जमकर प्रचार और जनसंपर्क किया और जिसका सकारात्मक परिणाम हम सबके सामने रहा । उन्होंने कहाकि मैं भाग्यशाली हूं जो भाजपा मंडल नवापारा में इतने कर्मठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद हैं और जिनके बूते भाजपा मंडल नवापारा ने पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया ।

## बड़ा मंदिर में प्राचीन स्फटिकमणी प्रतिमाओं का अभिषेक और विशेष शांति धारा

**रायपुर।** राजधानी के मालवीय रोड स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के जिनालय में पार्श्वनाथ बेदी के समक्ष आध्यात्मिक प्रयोगशाला के माध्यम से 7 जुलाई, तिथि = आषाढ़ शुक्ल शुक्ल तृतीया,निर्माण संवत 2550 दिन = रविवार को प्राचीन



आरंग के चमत्कारिक स्फटिकमणी की प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया। बड़ा मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि दिगंबर जैनीयों के 1400 वर्ष के प्राचीन स्थान आरंग खंडहरों से जो रायपुर से 22 मील दूर है अष्टधातु के सिंहासनों सहित निकली हुई ये स्फटिकमणी की भव्य प्रतिमाओं को असाद सुदी 2 संबत 1954 को गंगाधर गंधर्व से प्राप्त कर रायपुर दिगम्बर जैन समाज ने विराजमान किया था। इन चमत्कारिक प्रतिमाओं के दर्शन एवं अभिषेक पूजन से विशेष फल प्राप्त होते है। साथ ही गृहस्थ को आत्मकल्याण के लिये पंच-परमेष्ठी भगवान का अभिषेक शांति धारा स्तुति एवं पूजन प्रतिदिन करना चाहिए।

# नवापारा में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रथयात्रा





### भगवान जग्गन्नाथ महाप्रभु का दर्शन पाने, रथ खींचने उमड़ी श्रद्धालु की भारी भीड़

**नवापारा राजिम.** स्थानीय नवापारा शहर में रथयात्रा का पर्व रविवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. रथयात्रा को देखने नवापारा सहित अंचल के हजारो लोग उपस्थित थे. भगवान कि एक झलक पाने और उनका रथ खींचने भक्तो की भारी भीड़ देखने को मिली. ठीक शाम 4 बजे प्राचीन श्रीराधा कृष्ण मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर व श्री साईं मंदिर से भगवान जग्गन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन शुभद्रा का रथ नगर भ्रमण के लिए निकला. लगभग पखवाड़े भर अस्वस्थ रहते हुए काढ़ा पीने के बाद स्वस्थ होकर भगवान भ्रमण हेतु निकले तो समुचा शहर अपने भगवान कि झलक पाने सड़को के दोनों ओर उमड़ पड़े. सड़क किनारो पर लोगो की भीड़ यह बता रही थी की उनकी आस्था अपने भगवान के प्रति कितनी गहरी हैं. प्रथम त्यौहार होने के चलते बड़ी संख्या में लोग इसमें सम्मिलित होने पहुंचे थे. रथयात्रा का शुभारम्भ शहर के गंज रोड से प्रारम्भ हुआ, जो नेहरू घाट, चांदी चौक, कुम्हार हटरी, सुभाष चौक, काली माता मंदिर, गंज रोड,पंजवानी चौक होते हुए वापस गणतंव्य स्थल पर आकर संपन्न हुआ. रथयात्रा को लेकर तीनो ही रथो को फूल, तोरण,पताको व गुब्बारो से सजाया गया था. रथ के सामने सामने ढ़ोल, नागाड़ो, राउत नाचा की पारम्परिक धुन के साथ युवा मस्ती में झूमते चल रहे थे. वही पालिका के फायर ब्रिगेड गाड़ी की मदद से कृत्रिम बारिश भी की जा रही थी. जिसका भरपूर आनंद आमजन ले रहे थे.

पीछे रथ में सवार भगवान की दर्शन, पूजन पश्चात श्रद्धांलु भक्तो को भगवान का प्रिय गजामुंग का प्रसाद भी वितरित किया जा रहा था. रास्ते भर भक्तो की भारी भीड़ चौक चौराहो पर देखने को मिली जो भगवान जग्गन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन शुभद्रा का दर्शन कर अपने जीवन को धन्य मान रहे थे. रास्ते भर भगवान जग्गन्नाथ महाप्रभु के रथ का स्वागत हुआ वही श्रद्धालु भक्तजनों के लिए जगह जगह शीतल पेय पदार्थ की भी व्यवस्था थी. आयोजन पश्चात स्थानीय श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में ही भगवान को दूसरे जगह पर विराजित किया गया. जहाँ वे अपने मौसी के घर रहेंगे. यहाँ पर भव्य आरती हुई. तत्पश्चात उपस्थित जनों को प्रसाद का वितरण भी किया गया. आयोजन को सफल बनाने में श्री राधाकृष्ण मंदिर कमिटी के गिरधारी अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल, मोहन अग्रवाल, राजू काबरा, पंडित रविशंकर गौतम, पंडित ब्रम्हदत्त शास्त्री, प्रतीक अग्रवाल , रवि अग्रवाल ,नयन अग्रवाल , यश अग्रवाल , सुमीत अग्रवाल , अभिलाष अग्रवाल , अभिषेक अग्रवाल , मनीष यादव,दीपक यादव , चन्दन सहित पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग सहित तीनो ही मंदिर कमिटी के जिम्मेदारो का सराहनीय योगदान रहा.

# दिव्य योग ज्योति के खिलाड़ियों ने योग स्पर्धा में मारी बाजी

### योग प्रशिक्षक एवं योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं सभी खिलाड़ी

### दिव्य ज्योति योग प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपना दबदबा रखा कायम



**राजनांदगाँव।** स्थानीय केशर नगर स्थित जेएलएम गायत्री विद्यापीठ में नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेंडरेशन द्वारा आयोजित तृतीय जिला स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में दिव्य ज्योति योग क्लासेस के प्रशिक्षणार्थियों ने एक बार फिर से अपना दबदबा कायम रखते हूए अपने संस्थान का परचम लहराया।

दिव्य योग ज्योति क्लासेस के योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि, उनके द्वारा प्रशिक्षित, प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट खेल कौशल का जौहर दिखाते हूए अपना लोहा मनवाया और ढ़ेर सारे स्वर्ण, रजत और काँस्य पदक जीतकर अपने योग संस्थान और अपने माता पिता का नाम एक बार फिर से रौशन किया।

आगे उन्होंने बताया कि, सीनियर महिला आर्टिस्टिक और ट्रेडिंशनल दोनों ही स्पर्धाओं में जिले और प्रदेश की होनहार महिला योग खिलाड़ी दीक्षा ताम्रकार ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हूए, स्वर्ण पदक पर अपना कब्ज़ा जमाया।

वहीं जूनियर पुरुष वर्ग में प्रवीण साहू ने रजत पदक पर अपना कब्ज़ा जमाया। सीनियर महिला आर्टिस्टिक वर्ग में गुंजन सिन्हा और श्रुति सिन्हा ने स्वर्ण पदक पक्का किया, सौम्या यादव और रीना श्रीवास ने रजत और सोनिया वर्मा और सोनम वर्मा ने काँस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रकार से तीनो ही शीर्ष पदक संस्था की झोली में आये। दूसरी ओर अंडर - 18 आयु वर्ग के अंतर्गत ट्रेडिंशनल सिंगल में प्रवीण साहू ने रजत पदक अपने नाम किया। सीनियर ट्रेडिंशनल एकल में विक्रम कुमार वर्मा ने स्वर्ण और खिलेश्वर साहू ने काँस्य जीता। सीनियर आर्टिस्टिक पेयर में भी विक्रम कुमार वर्मा और खिलेश्वर साहू की जोड़ी ने बाजी मारते हूए स्वर्ण पदक पर अपना कब्ज़ा जमाया। सोनिया वर्मा और सोनम वर्मा ने रिदमिक पेयर में स्वर्ण पदक जीता। जूनियर आर्टिस्टिक पेयर में मोहित सोनी और प्रवीण साहू ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं जूनियर ट्रेडिशनल सिंगल इवेंट में भी मोहित सोनी और प्रवीण सोनी ने एक बार फिर से स्वर्ण पदक पर अपना कब्ज़ा जमाया। साथ ही प्रवीण कुमार पटेल और खेमचंद लाउत्रे ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इस दौरान योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी के साथ, वरिष्ठ खिलाड़ी जयश्री साहू, अतुल लहरे, लक्ष्मी शेंडे, गीता यादव और मोनिका साहू आदि उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### ऑक्सीजोन गार्डन में पौधरोपण का कार्यक्रम

**रायपुर.**रायपुर में भारतीय योग संस्थान ने ऑक्सीजोन गार्डन में बड़ी संख्या में पेड़ लगाकर पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पपीता, आम, अमरूद, जामुन, मीठानीम, कड़वा नीम जैसे फल और छाया देने वाले पौधे लगाए गए। दरअसल, भारतीय योग संस्थान इसके पूर्व भी जिओ और जीवन दो के स्लोगन पर बहुत से कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। हाल ही में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन एक बड़ा योगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी भारतीय योग संस्थान ने किया था, जिसमें सैंकड़ों योग साधकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। इसी श्रृंखला में वृक्षारोपण करके पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का एक सार्थक प्रयास किया है। भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से एलपी विश्वकर्मा, रीना सीरे, संदीप राजपूत, गुरमीत सिंह गुरुदत्ता बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे। इसके साथ ही लीना साव, पिंकी हुन्जन, मंजीत कौर गुरदत्ता, रश्मी साव, ललित माहेश्वरी, कुसुम पांडे, नवीन अग्रवाल, निकुंज राठौर, कला, ज्योति येरेवार, विमला दीप, आराधना शर्मा सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

### हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** दिनांक 29.06.2024 को मृतक मोहम्मद मुकीम निवासी अवधपारा सोनडोंगरी थाना कबीर नगर को आरोपियों द्वारा पुराने हुए विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे धारदार चाकू से सीने में घोपकर तथा बाएं हाथ के भुजा के पास मारकर चोट पहुंचाये जिससे मुकीम खान लहूलुहान हो गया और बेहोश हो गया जिसे उपचार हेतु एम्स अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर द्वारा मृत्यु होना बताएं की सुचना पर आरोपियों के विरुध थाना कबीर नगर में 147/2024 धारा 294,302,34 भा. द. वि. कायम किया गया था। विवेचना दौरान प्रकरण में एक आरोपी मोहम्मद अल्ताफ को दिनांक 02.07.24 को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया था, प्रकरण के अन्य फरार 02 आरोपियों के संबंध में मुखबिर लगाकर लगातार पतासाजी किया जा रहा था कि दिनांक 04.07.2024 को आरोपी मोह. आरिफ द्वारा न्यायालय में सरेंडर करने पर गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड लिया गया था। एवं आज दिनांक 06.07.2024 को विधि से संघर्षरत बालक को उसके परिजन द्वारा थाना उपस्थित करने पर प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर आरोपी मोहम्मद आरिफ एवं विधि से संघर्षरत बालक दोनों को ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी- 01) मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद अल्ताफ उम्र 24 साल, साकिन ग्राम गेसुला मधुरा विट्टूपुर जिला वैशाली बिहार हाल पता सोनडोंगरी अवधपारा खान मोहल्ला थाना कबीर नगर रायपुर (छ0ग0)

### ज्वाइनिंग के बाद लंबे समय से गायब 66 चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर .** स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ किए गए 66 डॉक्टर ज्वाइनिंग देने के बाद गायब हो गए। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा तमाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की ओर से इन चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्नातक की पढ़ाई पूरी होने के बाद बड़ी संख्या में चिकित्सों को स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों में आपात चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के रूप में पदस्थ किया गया था। इनमें से अधिकतर लोगों ने ज्वाइनिंग दी और उसके बाद बिना कारण बताए अनुपस्थित हो गए।



## रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल हरिचंदन

**रायपुर.**राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन रथ यात्रा के अवसर पर आज गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की एवं भगवान के प्रथम सेवक के रूप में छेरा-पहरा की रस्म निभाई। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर रायपुर क्षेत्र के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।



## खाद्य मंत्री बघेल ने नवागढ़ में जैतखाम निर्माण कार्य के लिए किया भूमि पूजन

**रायपुर**

खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ में अनुसूचित जाति प्राधिकरण मद से 99 लाख 31 हजार की लागत से निर्मित हाने वाली जैतखाम का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने समाज को एकता, भाईचारे, तथा समरसता का संदेश दिया है। बाबा के आदर्शों पर चलने का प्रेरणा मिलती है। बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने का प्रयास किया। गिरौदपुरी धाम में कुतुबमीनार से ऊंचा जैतखाम भी बनाया गया है । सतनामी समाज द्वारा नवागढ़ के सतनाम मंगल भवन में गुरु असम दास जी तेलासपुरी धाम खपरीडीह खुर्द के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मंजूलता अजीत रात्रे, अध्यक्ष नगर पंचायत मारो श्री घनलाल देशलहरे, जिला पंचायत सदस्य श्री अंजू बघेल, श्रीमती गिरजा कुर्रे, श्री ताराचंद जांगड़े, श्री हेमलाल धृतलहरे जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे ।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को मंत्री देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर .** वाणिज्य, उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान रथ के माध्यम से वन मंडल कोरबा अंतर्गत आमजनों को निःशुल्क पौधों प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को रवाना



करने के पूर्व कलेक्टोरेट परिसर में मंत्री श्री देवांगन ने आम नागरिकों, कर्मचारियों को फलदार एवं छायादार पौधे वितरित कर पौधा रोपण करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी की सहयोग अपेक्षित है। हम सभी को एक पेड़-पौधा मां के नाम पर अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी मां को सबसे ज्यादा प्यार करते हैं इसलिए उसके नाम पर लगाए गए पौधे के प्रति सजग रहेंगे और उसके विकसित होने तक देखभाल भी करेंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी कोरबा में विभिन्न औद्योगिक संस्थान हैं जिससे निकलने वाले धुंएं से पर्यावरण प्रभावित होता है। प्रदूषण से पेड़ पौधे ही बचा सकते है। इस दृष्टि से कोरबा नगर मे वृक्षारोपण का महत्व और भी बढ़ जाता है।

## पिस्टल-कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर मोसिन गिरफ्तार

**रायपुर**

रायपुर पुलिस ने थाना खरोरा क्षेत्रान्तर्गत नया बस स्टैण्ड पास साप्ताहिक बाजार के सामने पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर मोसिन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 पिस्टल और 1 जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। आरोपी थाना सिविल लाईन का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ बलवा, मारपीट, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास एवं आगजनी सहित एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं, जिसमें आरोपी जेल भी जा चुका है। दरअसल 7 जुलाई को एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत नया बस स्टैण्ड पास सप्ताहिक बाजार के सामने एक व्यक्ति अपने हाथ में पिस्टल रखा है जो आने-जाने वाले आम नागरिकों को भयभीत कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी खरोरा को आरोपी को पिस्टल के साथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट एवं थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये



के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोसीन अली निवासी सिविल लाईन रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास 01 नग पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी मोसिन खान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से असलहा जब्त कर थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 459/24 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। पिस्टल व कारतूस के संबंध में आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रहीं है। आरोपी मोसिन खान के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 333/24 धारा 323, 324, 294, 506, 34 भादवि. का प्रकरण दर्ज है, जिसमें वह लगातार फरार चल रहा था, इस प्रकरण में भी आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

### गिरफ्तार आरोपी

मोसीन अली पिता मोह. हुसैन उम्र 28 साल निवासी तरूण नगर रायपुर जीवन अपार्टमेन्ट के सामने शंकर नगर रोड थाना सिविल लाईन रायपुर।

कार्रवाई में निरीक्षक दीपक पासवान थाना प्रभारी खरोरा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, आर. आशीष राजपूत, मोह. राजिक, अमित घृतलहरे एवं प्रकाश नारायण पात्रे तथा थाना खरोरा से सउनि. परशुराम साहू एवं आर. सुरेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

## भाजपा राज के 6 माह में भ्रष्टाचार हावी कानून व्यवस्था खत्म - सुशील आनंद

**रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राज के 6 माह में भ्रष्टाचार हावी, कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है। जनता से वादाखिलाफी भाजपा की पहचान बन गयी है। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। विष्णुदेव सरकार की विफलताओं की पूरी श्रृंखला है। साय सरकार के 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। गौ तस्करी की घटनायें शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। नक्सलवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गयी। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने 6 माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गये। भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 18 लाख आवास देने का वादा था, 6 माह में 1 भी नया मकान नहीं दे पाये। कांग्रेस राज में 7 किलो राशन मिलता था उसमें कटौती हो गयी। सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती शुरू हो गयी। जमीनों की रजिस्ट्री में जनता को लूटा जा रहा है। भूमि के गाईड लाईन के दर में 30 प्रतिशत के छूट को समाप्त कर दिया। लेकिन रजिस्ट्री फीस में 4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को नहीं हटाया गया। खाद बीज का संकट सरकार की तैयारियों पूरी नहीं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों से भयादोहन शुरू कर दिया जीएसटी के छापे मारे जा रहे, व्यापारियों को डराया जा रहा, वसूली किया जा रहा। जमीनों के खसरा लॉक कराया जा रहा, नामांतरण बंटाकन रजिस्ट्री रोक कर जमीन व्यापारियों से वसूली किया जा रहा। 6 माह में 16000 करोड़ का कर्ज ले लिया सरकार का वित्तीय प्रबंधन फेल। पांच सौ रूपया में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा भूल गये, छात्रों को स्कूल कॉलेज जाने भत्ता का वादा भूल गये, 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का वादा अधूरा, कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रू. सालाना देने का वादा भूल गये।

## मृत्युंजय शर्मा को मैट्स विवि से अंग्रेजी में मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** शोधार्थी मृत्युंजय शर्मा ने मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर से अंग्रेजी में पीएचडी उपाधि हासिल की है। साहित्य में नोबेल पुरस्कार प्राप्तकर्ता ब्रिटिश उपन्यासकार काज़ुओ इशिगुरो के सभी उपन्यासों में विषयगत



विभिन्नता का मूल्यांकन विषय पर अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया है। मृत्युंजय शर्मा मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. वसंत गवई के मार्गदर्शन से अपना शोध कार्य पूरा किया। बाह्य परीक्षक के रूप में शासकीय महिला महाविद्यालय दुर्ग के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मौसमी भट्टाचार्या ने उनके शोध प्रबंध जांच की एवं प्रशंसा की। डॉ. मृत्युंजय शर्मा बीके शर्मा के पुत्र है। उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने परिवार और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अंतागढ़, कांकेर में व्याख्याता के रूप में पदस्थ है। स्कूल के प्राचार्य गौतम सिन्हा एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

## हाफ मर्डर करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रार्थी इशरत खान व उनके साथ हिरावन साहू, पारथ साहू, कौशिक राणा, मिश्रा सुपरवाइजर व अन्य लेबर लोग साइट पर काम कर रहे थे तो कौशिक राणा को साइट के स्टोर्स रूम से हिरावन साहू व पारथ साहू दोनो पकड कर खीचते हुए बाहर निकाले और कौशिक राणा को हिरावन साहू ने कहा कि तुम मेरी पत्नि से क्यों संबंध रखते हो कहते हुए हिरावन साहू ने कौशिक



राणा के पेट मे चाकू से प्राण घातक हमला किया तथा पारस साहू ने ईंटा से कौशिक के सिर पर मारे तो बीच बचाव के लिए प्रार्थी इशरत खान गया तो उसे भी चाकू से मार देने कि धमकी दिया किसी तरह कौशिक राणा अपने आप को छुडाकर रोड तरफ भाग तो हिरावन साहू और पारस साहू दोनो बाइक से उसको जान से मारने के उद्देश्य से पीछा करने लगे कौशिक राणा मेन रोड किनारे स्थित खेत में छुप गया था जिसे सुपरवाइजर मिश्रा के द्वारा पास में स्थित एस एम सी अस्पताल मे भर्ती कराया प्रार्थी के रिपोर्ट पर तवरीत कार्यवाही करते हुए आरोपी की पतासाजी कर चंद घंटे में ही दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## शराब घोटाला का पैसा अधिकारियों के पास भी पहुंचता रहा

**रायपुर,7 जुलाई**

पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार में हुए 2,500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आबकारी विभाग के अधिकारियों ने जमकर चांदी कूटी है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की ओर से एक जुलाई को पेश आरोप पत्र के अनुसार 15 जिलों में पदस्थ रहे 20 अधिकारियों को प्रतिमाह 2.40 करोड़ की रिश्वत दी जाती थी, जो कि अब भी महत्वपूर्ण पदों पर बने हुए हैं। इस हिसाब से चार साल में 115 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई अफसरों ने की है। आरोप पत्र में उल्लेख किया गया है कि 2,880 रुपये की एमआरपी पर बेची जाने वाली मदिरा का सिंडीकेट ने दाम बढ़ाकर 3,840 रुपये कर दिया। इसमें सप्लायरों को 560-600 रुपये प्रति पेटी के हिसाब से भुगतान किया जाता था।नकली होलोग्राम वाली बोतलों की प्रत्येक पेटी से 150 रुपये का कमीशन इन्हीं 20 अफसरों को दिया जाता था। बाकी राशि अनवर ढेबर अपने पास रखता था और इसका 15% कमीशन अनिल टुटेजा और एपी त्रिपाठी को दिया जाता था। यह खेल 2019-20 में शुरू हुआ और 2022-23 तक चला। चार साल तक शासकीय खजाने को क्षति पहुंचाने के साथ ही पूरे सिंडीकेट की भी जेब गरम की गई थी।ईओडब्ल्यू के आरोप पत्र में कहा गया है कि शराब घोटाले में उप्र की मेरठ जेल में बंद एपी त्रिपाठी द्वारा पूरा सिंडिकेट बनाया गया था, जिसने सभी 15 जिलों के आबकारी अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें पूरी व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही इसमें आने वाली कठिनाइयों और इसके निदान के लिए भी मार्गदर्शन किया और सभी की हिस्सेदारी तय की गई।ईओडब्ल्यू के आरोप पत्र में कहा गया है कि नकली होलोग्राम लगाकर शराब की सप्लाई के लिए 15 जिलों का चयन किया गया था। इसमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, महासमुंद, धमतरी, बलौदा बाजार, गरियाबंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बेमेतरा और रायगढ़ शामिल थे।

## बेबीलोन होटल में भाजपा नेता की भतीजी की लाश

**रायपुर**

रायपुर के जेल रोड स्थित बेबीलोन होटल के कमरे में रविवार को 25-26 साल की लड़की की लाश मिली है। आशंका है कि लड़की की हत्या की गई है। उसकी पहचान अंबिकापुर निवासी वाणी गोयल के रूप में हुई है। वह सूरजपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल गोयल की भतीजी थी। वहीं दूसरी ओर जीआरपी को सुबह करीब 6 बजे WRS कॉलोनी के पास एक युवक का भी पटरी पर शव मिला है। युवक का सिर धड़ से अलग है। उसकी पहचान अंबिकापुर निवासी विशाल कुमार गर्ग के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विशाल और वाणी का आपस में प्रेम संबंध था। रायपुर के जेल रोड स्थित बेबीलोन होटल के कमरे में रविवार को 25-26 साल की लड़की की लाश मिली है। रायपुर के जेल रोड स्थित बेबीलोन होटल के कमरे में रविवार को 25-26 साल की लड़की की लाश मिली है। वाणी का परिवार अंबिकापुर में रहता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस रविवार को होटल पहुंची तो चौथी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 416 में उसकी लाश मिली। सूचना मिलने पर रायपुर की गंज थाना पुलिस भी मौके पर है। बताया जा रहा है कि वाणी ने रायपुर स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी से 2016



से 2019 तक ग्रेजुएशन किया। इसके बाद 2022 में नागपुर के निराली कुकरी इंस्टीट्यूट से बेकरी का कोर्स किया था। अभी वह अपनी प्रोफाइल में पेस्ट्री शेफ लिखती थी।

### युवक का शव अर्धनग्न हालत में था

युवक के पास से एक मोबाइल फोन, पर्स में कुछ पुराने बिल और करीब 1500 रुपए मिले हैं। युवक की लास्ट अर्धनग्न अवस्था पर मिली है। उसके शरीर के ऊपरी हिस्से में कपड़े नही थे। फिलहाल जीआरपी से गंज थाना की पुलिस ने संपर्क किया है। बताया जा रहा है कि मरने वाले दोनों लोग एक-दूसरे को जानते थे। हालांकि विशाल सामान्य फैमिली से है।

### हत्या और आत्महत्या में उलझी गुत्थी

वारदात को लेकर फिलहाल पुलिस के सामने दो थ्योरी है। पुलिस का कहना है कि, अगर युवक-युवती दोनों प्रेमी-प्रेमिका थे, तो उनके बीच क्या विवाद हुआ, जिसके बाद यह घटना हुई। इसे लेकर मामला फिलहाल हत्या और आत्महत्या के बीच उलझा हुआ है।

**पहली थ्योरी के मुताबिक -**दोनों के बीच होटल के कमरे में किसी बात पर विवाद हुआ होगा। इसके बाद युवक ने युवती की कमरे में हत्या कर दी। फिर पकड़े जाने के डर से खुद जाकर ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी।

**दूसरी थ्योरी के मुताबिक -** दोनों के बीच विवाद के बाद युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर अपनी जान दे दी। संभावना है कि मरने के दौरान युवक-युवती से कॉल पर बात कर रहा होगा। जिससे युवती को उसके मरने का पता चलते ही उसने भी होटल के कमरे में सुसाइड कर लिया होगा।

### पोस्टमॉर्टम और कॉल डिटेल से होगा खुलासा

फिलहाल पुलिस इन सभी एंगलों पर जांच कर रही है। दोनों के कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। फिलहाल दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। इससे यह साफ हो सके की असल में युवती के मौत की वजह क्या है। दोनों में क्या संबंध थे। दोनों के बीच विवाद किस वजह से हुआ होगा।

## महतारी वंदन योजना-समाज में महिलाओं का बढ़ता मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की महिलाओं में महतारी वंदन योजना को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है। खास कर गरीब, मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को इस योजना से मिलने वाली राशि से काफी राहत मिली है। महिलाओं का कहना है कि इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का ही प्रतिफल है कि उन्हें समय पर महतारी वंदन योजना की राशि माह दर माह मिल रही है। महतारी वंदन योजना में इस माह 5वीं किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपए की राशि मिली है। राशि के उपयोग से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।



यह राशि महिलाओं के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहुंच रही है। महिलाओं के खाते में राशि आने से परिवार में भी उनकी पूछ परख बढ़ गई है। धमतरी के कलेक्टोरेट परिसर में कैंटिन का संचालन करने वाली सहेली संघ स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती हेमा साहू ने बताया कि महतारी वंदन योजना से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को काफी फायदा हो रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा अब नियमित रूप से आर्थिक गतिविधियों के लिए अपना योगदान दे पा रही हैं।

श्रीमती हेमा ने यह भी कहा कि महतारी वंदन योजना से मिल रही राशि से महिलाएं अपने बच्चों के लिए आवश्यकतानुसार बेहतर प्रबंध कर पा रही हैं। महिलाएं निजी जरूरतों, घरेलू आवश्यकताओं व दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुई है। साथ ही भविष्य के लिए बचत भी कर रही है। इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ है।

लोन लेने के लिए ITR बनवाए मात्र 500/- रू. में

| | |
|---|---|
| जी.एस.टी. रिटर्न | FOOD लायसेंस |
| इनकम TAX फाईल | MSME रजिस्ट्रेशन |
| TDS रिफन्ड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट |
| IT नोटिस | डिजिटल सिगनेचर |

सम्पर्क- शेखर गुप्ता WWW.ONLYTDS.COM

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद करने हेतु तैयार

9300755544, 8878655544

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-**ब्रजेश शुक्ला** द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com